राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# गौरवशाली भारत

दिल्ली से प्रकाशित

R.N.I. NO. DELHIN/2011/38334 वर्षः 11 अंकः 211 पृष्ठ : 08, नई दिल्ली, शनिवार, 12 फरवरी 2022 मूल्यः 1.50/-

## संक्षिप्त समाचार

### अमेठी में दर्दनाक सड़क हादसा, एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

संवाददाता, अमेठी । जिले के शुकुल बाजार थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार सुबह सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार सुबह मऊ जिले से यह परिवार इलाज के लिए लखनऊ जा रहा था, तभी बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के अंतर्गत उचगाव गांव में उनके एसयूवी को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये।

### रोड शो के दौरान आप के सी.एम. फेस भगवंत मान पर हमला

एजेंसी, अमृतसर। पंजाब में जहां विधानसभा चुनाव होने में अब कुछ ही दिन शेष बचे हैं, लेकिन सियासी माहौल पूरी तरह से गरम है। इसी दौरान आज अटारी हलके में चुनाव प्रचार दौरान आम आदमी पार्टी के सी.एम. फेस भगवंत मान के ऊपर हमला होने की सूचना मिली है। बताया जा रहा है कि भगवंत मान द्वारा आज अटारी हलके में रोड शो निकाला जा रहा था, जिस दौरान उनके यह हमला हुआ है। उनके मुंह पर कोई नुकीली चीज मारी गई है। भगवंत मान के चेहरे पर किसी चीज से प्रहार किया गया है, जिससे भगवंत मान घायल हो गए और कुछ देरी के लिए गाड़ी के अंदर बैठ गए। हमला होने के कुछ देर बाद भगवंत मान ने फिर से चुनाव प्रचार शुरू कर दिया।

### बीएसएफने घुसपैठ की कोशिश को किया नाकाम, गिरफ्तार किए 6 पाकिस्तान नागरिक

एजेंसी, गुजरात। गांधीनगर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने गुजरात के हरामी नाला के क्षेत्र से 6 पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। समुद्री सीमा के जरिए भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिशों के खिलाफ जारी अभियान के दौरान इन 6 पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। सामाचार एजेंसी एएनआई ने इस बात की जानकारी दी। बीएसएफके अनुसार, श्हरामी नाला के क्षेत्र में पाकिस्तानी मछली पकड़ने वाली नौकाओं और मछुआरों की घुसपैठ के खिलाफ जारी ऑपरेशन में बीएसएफ गुजरात ने 6 पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया है।

## हम गन्ना की तो वह जिन्ना की करते हैं बात : योगी

### कब्रिस्तान की चारदीवारी को सपा बता रही विकास : मुख्यमंत्री

संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चुनाव प्रचार के सिलसिले में आज यूपी के शाहजंहापुर पहुंचे, जहां उन्होंने जनता को संबोधन किया। इस दौरान योगी ने सपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि कब्रिस्तान की चारदीवारी को समाजवादी पार्टी विकास बता रही है। बता दें कि ददरौल विधान सभा क्षेत्र में जनसभा को सम्बोधित करने के दौरान सीएम ने कहा कि कोरोना वैक्सीन से लेकर राशन, सड़क, बिजली, पानी तक का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 5 साल पहले सिर्फ सैफई खानदान और आजम खान को ही बिजली मिलती थी। उन्होंने कहा, हम गन्ना की बात करते हैं। वह जिन्ना की बात करते हैं। हम राष्ट्रवाद की बात करते हैं। वह जातिवाद की बात करते हैं। मैं समग्र विकास की बात कर रहा हूं तो ये लोग कब्रिस्तान की बात कर रहे हैं। मैंने पूर्व सीएम और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव से पूछा कि उन्होंने कहां विकास किया है। अखिलेश यादव ने कहा कि उन्होंने कब्रिस्तान की चारदीवारी बनाई है। वह इसे ही विकास कहते हैं। सीएम योगी ने कहा, अगर हम लोग राष्ट्रवाद की बात करते हैं तो ये जातिवाद की बात करते हैं, हम विकास की बात करते हैं तो ये मत और मजहब की बात करते हैं, मैं समग्र विकास की बात करता हूं तो ये कब्रिस्तान की बात करने लगते हैं, मैं गन्ना की बात करता हूं तो ये जिन्ना की बात करने लगते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बरेली के बाद बदायूं के बिल्सी एवं बिसौली विधान सभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पहले गरीबों को मकान नहीं मिलता है, बीजेपी की सरकार आते ही गरीबों को मकान मिलने लगे. उन्होंने कहा कि, कुछ लोग वैक्सीन को लेकर दुष्प्रचार करते थे. दुष्प्रचार करने वालों को जवाब देने का समय आ गया है. सपा का विकास कब्रिस्तान की दीवार तक था. सपा कब्रिस्तान की बाउंड्री को अपना विकास मानती है। सीएम योगी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में आज 24 घंटे बिजली मिल रही है. हर गरीब को डबल राशन मिल रहा है. गरीब का बैंक में अकाउंट खोला जा रहा. सभी को सरकारी योजना का लाभ मिल रहा है. हर त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जा रहे हैं। यूपी विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान खत्म हो चुका हैं।उत्तर प्रदेश की सभी पार्टियां 14 फरवरी को होने वाले दूसरे चरण के मतदान में जुटी हैं हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शाहजहांपुर के ददरौल विधानसभा क्षेत्र में रैली को संबोधित करते हुए सपा, बसपा व कांग्रेस पर जमकर हमला बोला है। सीएम योगी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम विकास की बात करते हैं और ये मजहब की बात करते हैं।मैं गन्ने की बात करता हूं और ये जिन्ना की बात करते हैं। योगी ने विपक्षी पार्टियों पर हमला करते हुए कहा, सपा, बसपा, कांग्रेस सिर्फपरिवार के लिए जीने वाली पार्टी है। प्रदेश में दंगाई दंगा करने से डर रहे हैं। वह अपराध को राज्य से पूरी तरह समाप्त कर देंगे।यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, विकास योजना का लाभ सभी को दिया जा रहा है। यूपी में पांच साल पहले बिजली नहीं मिलती थी, लेकिन आज राज्य में 24 घंटे बिजली मिल रही है। इसके साथ उन्होंने कहा, डबल इंजन की सरकार में राशन का भी डबल डोज दिया जा रहा है। उन्होंने सपा पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा, सपा ने कब्रिस्तान की बाउंड्री का विकास सिर्फ कराया।सपा के शासनकाल में बुजुर्गों की पेंशन रोक दी गई थी।

शाहजहांपुर में 30 लाख लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है। सपा पांच साल में 18 हजार लोगों को भी मकान नहीं दी जबकि हमने अकेले शाहजहांपुर में 45 हजार 950 लोगों को पक्के घर दे दिए। यूपी में विधानसभा चुनाव 2022 की शुरुआत हो चुकी है। प्रदेश के 11 जिलों की 58 सीटों पर गुरुवार को वोटिंग हई। पहले चरण में 60 फीसदी से ज्यादा वोटिंग हुई है। अब सभी पार्टियों का फोकस दूसरे चरण की 55 सीटों पर होने वाले मतदान पर है। दूसरे चरण की वोटिंग 14 फरवरी को होगी। इसमें शाहजहांपुर भी शामिल है।

## हिजाब मामले को तूल देकर राजनीति में हिंसा उचित नहीं : मायावती



संवाददाता

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने कर्नाटक में मुस्लिम महिलाओं के हिजाब पहनने के मुद्दे को देश के सामाजिक सौहार्द के लिये बेहद गंभीर बताते हुए कहा है कि इस मामले में जारी राजनीतिक नूराकुश्ती दुखद है। सुश्री मायावती ने शुक्रवार को कहा कि हिजाब मामले को तूल देकर इसकी आड़ में राजनीति हिंसा उचित नहीं है।

उन्होंने इस मामले में शीर्ष अदालत द्वारा स्वत: संज्ञान लेने की जरूरत पर भी बल दिया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा, ''मुस्लिम महिलाओं द्वारा हिजाब पहनने का मामला अतिगंभीर व अतिसंवेदनशील है। इसकी आड़ में राजनीति व हिंसा अनुचित। कर्नाटक में इस मुद्दे को तूल देकर साम्प्रदायिक सौहार्द, आपसी भाईचारा व सद्भावना को आघात पहुँचाया जा रहा है वह दु:खद। माननीय सुप्रीम कोर्ट अगर इसका समय पर संज्ञान ले तो बेहतर। उल्लेखनीय है कि मुस्लिम महिलाओं के हिजाब पहनने को व्यक्तिगत स्वतंत्रता का विषय बताते हुए इस मुद्दे पर जारी विमर्श की तीखी प्रतिक्रिया का असर देशव्यापी होता जा रहा है।

## परिवारवादी लोकतंत्र के लिए खतरा, अपराधियों को बदला लेने का न देना मौका : मोदी

❑ उत्तराखंड में रैली में प्रधानमंत्री ने कहा, इस बार चुनाव में भाजपा जीत के सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ेगी

संवाददाता

कासगंज । उत्तर प्रदेश विधानसभा के प्रथम चरण का चुनाव समाप्त हो चुका है। वहीं दूसरे चरण के चुनाव के लिए सभी पार्टी के नेताओं में जुबानी जंग जारी है। वहीं आज पीएम मोदी ने कासगंज में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान विपक्ष पर जमकर हमला बोला। पीएम ने सपा प्रमुख अखिलेश तंज कसते हुए कहा परिवारवादियों ने अपना घर, अपनी तिजोरी तो भरी लेकिन कभी गरीब की चिंता नहीं की। पीएम ने कहा परिवारवाद लोकतंत्र के लिए खतरा है। जनता अपराधियों को बदला लेने का मौका न दे। उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार में अब दिल्ली से गरीब, दलित, पिछड़ों के लिए निकला राशन का हर दाना उसके हकदार के पास जाता है। पहले की सरकारों में ये राशन माफियाओं के घर पहुंचता था। ये लोग स्वास्थ्य सेवा के नाम पर घोटाले करते थे। लेकिन योगी जी की सरकार ने अस्पताल और मेडिकल कॉलेजों का जाल बिछा दिया है।उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी की सोच है कि गरीब का जीवन आसान बने, ये लोग न पहले चाहते थे, न आज चाहते हैं। सपा प्रमुख को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि पहले ये अफवाहवादी



पूरी कोशिश कर रहे थे कि कोरोना का मुफ्त टीका गरीब परिवारों को न लगे। लेकिन गरीबों की सरकार ने इन्हें सफल नहीं होने दिया। मोदी और योगी जी को जो आशीर्वाद और प्यार आप दे रहे हैं, उसने इन परिवारवादियों की नींद उड़ा दी है। पीएम ने कहा विपक्ष ने अनेक बार जाति के नाम पर अलग-अलग करने की कोशिश कह लेकिन ये लोग फेल हो गए। उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी की सोच है कि गरीब का जीवन आसान बने, ये लोग न पहले चाहते थे, न आज चाहते हैं। सपा प्रमुख को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि पहले ये अफवाहवादी पूरी कोशिश कर रहे थे कि कोरोना का मुफ्त टीका गरीब परिवारों को न लगे। लेकिन गरीबों की सरकार ने उन्हें सफल नहीं होने दिया। मोदी और योगी जी को जो आशीर्वाद और प्यार आप दे रहे हैं, उसने इन परिवारवादियों की नींद उड़ा दी है। पीएम ने कहा विपक्ष ने अनेक बार जाति के नाम पर अलग-अलग करने की कोशिश की लेकिन ये लोग फेल हो गए। उन्होंने कहा कि जब कल दोपहर के बाद विपक्ष के नेताओं के जितने भी इंटरव्यू आए हैं, जिसमें उनका चेहरा लटहा हुआ है। इसलिए उन्होंने अभी से ही म्टड पर, चुनाव आयोग पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है। पहले चरण के मतदान में. लोगों ने भारी संख्या में घरों से निकलकर यूपी को सुरक्षित रखने के लिए, यूपी के विकास के लिए, भारी मात्रा में कमल को वोट दिया है। उन्होंने जनसभा के दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि नमन किया।

## असली मुद्दों से गोवा के लोगों का ध्यान भटका रहे हैं प्रधानमंत्री मोदी : राहुल गांधी

एजेंसी

३



पणजी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पर्यावरण और रोजगार जैसे वास्तविक मुद्दों से गोवा के लोगों का ध्यान भटकाने का शुक्रवार को आरोप लगाया। गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी के उस बयान की आलोचना की, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर पंडित जवाहरलाल नेहरू चाहते तो गोवा को 1947 में ''कुछ ही घंटों के भीतर'' आजाद कराया जा सकता था। गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री उस समय की स्थिति और द्वितीय विश्व युद्ध के बाद क्या हो रहा था, इसे नहीं समझते हैं। मोदी ने 14 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले यहां के निकट मापुसा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि कांग्रेस सरकार को गोवा को पुर्तगाली शासन से मुक्त कराने में 15 साल लग गए। गांधी ने मडगांव में संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''प्रधानमंत्री उस समय के इतिहास को नहीं समझते हैं, उन्हें समझ में नहीं आता कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद क्या चल रहा था। वह पर्यावरण और रोजगार जैसे वास्तविक मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए गोवा आ रहे हैं।'' उन्होंने 'हिजाब' को लेकर चल रहे विवाद पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि वह किसी भी तरह की ऐसी बातचीत में शामिल नहीं होंगे, जिससे गोवा के लोगों का ध्यान भटके। उन्होंने कहा, ''मेरा मिशन उन चीजों पर ध्यान केन्द्रित करना है, जो गोवा के लोगों के लिए महत्वपूर्ण है।'' गोवा के एक दिवसीय दौरे पर आये गांधी ने कहा कि कांग्रेस राज्य में ज्यादातर सीटें जीतेगी और चुनाव के बाद गठबंधन की कोई आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस को बहुमत मिलेगा और गोवा में हमारी सरकार बनाने के लिए तुरंत कदम उठाया जायेगा।''

## राष्ट्रपति कोविंद ने मुंबई में किया दरबार हॉल का उद्घाटन

### बोले, पारदर्शिता लोकतंत्र में सबसे महत्वपूर्ण पहलू

एजेंसी



मुंबई । राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शुक्रवार को कहा कि श्दरबारश् शब्द आजादी से पहले के दौर में राजसी सत्ता से जुड़ा था, लेकिन इसकी आधुनिक अवधारणा पारदर्शिता को बढ़ावा देती है जो लोकतंत्र में सुशासन का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। वह यहां राजभवन में नवनिर्मित दरबार हॉल का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। वहीं उन्होंने इस दौरान दिवगंत स्वर कोकिला लता मंगेशकर को भी याद किया। राष्ट्रपति ने कहा लता जी अपने अमर गीतों के कारण लोगों के दिलों में हमेशा जिंदा रहेंगी। राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रपति भवन की तरह मुंबई में राजभवन दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं का संवैधानिक प्रतीक बन गया है। उन्होंने कहा कि दरबार में कुछ भी निजी या गुप्त नहीं होता है। सब कुछ जनता की नजरों में होता है, सभी को साथ लेकर। यहां तक कि निर्वाचित प्रतिनिधि भी लोगों से जुड़ने के लिए जनता दरबारश् आयोजित कर रहे हैं। यह तरीका लोकप्रिय हो रहा है। इस संदर्भ में, नया दरबार हॉल नए भारत, नए महाराष्ट्र और हमारे जीवंत लोकतंत्र का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह धरोहर स्थल अंग्रेजों की विरासत हो सकता है, लेकिन इसका वर्तमान और भविष्य महाराष्ट्र तथा देश के बाकी हिस्सों के गौरव से जुड़ा है।

## किसानों के गुनाहगारों को घूमने की इजाजत देने वाली बीजेपी की विदाई तय : अखिलेश

संवाददाता



रामपुर । उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) सरकार को झूठी और अन्यायी सरकार करार देते हुए हुए समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि किसानों को कुचलने वाले को खुलेआम घूमने की इजाजत देने वाली पार्टी की विदाई 10 मार्च को हो जाएगी। यादव ने शुक्रवार को यहां जनसंपर्क करने के दौरान कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की झूठी और अन्याय करने वाली सरकार से निजात पाने के दिन नजदीक आ गये हैं। पहले चरण के चुनाव में अलीगढ़ वालों ने भाजपा पर ताला जड़ दिया है जिसकी चाबी अब नहीं मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि तीन कृषि कानून का विरोध कर रहे किसानों के ट्रैक्टरों के आगे भाजपा सरकार ने कीलें लगाईं। ट्रैक्टर ले जाने वालों पर मुकदमे दर्ज कराए। किसान आंदोलन में 700 किसान शहीद हो गए जिसके लिए भाजपा जिम्मेदार हैं। इन सबके बावजूद देश और प्रदेश के किसान एकजुट रहे और पीछे नहीं हटे।

आखिरकार सरकार को पीछे हटना पड़ा,इसके लिए किसान बधाई के पात्र हैं। सपा अध्यक्ष ने तंज कसा कि 'स्टूल वाले नेताश् समाज को मान-सम्मान नहीं दिला सकते। भाजपा के एक बड़े नेता ने छोटे नेता को पैदल कर दिया तो छोटे नेता ने गुस्से में आकर एक उप-मुख्यमंत्री को ही स्टूल पर बैठा दिया। ज्यादा गुस्सा आया तो घोषणापत्र से उसका फोटो ही हटा दिया। 'स्टूल वाले उप-मुख्यमंत्री समाज को आत्म सम्मान नहीं दिला सकते। उन्होंने कहा महान दल के लोग चुनाव लड़ रहे हैं और हमने उन्हें साथ लाने का काम किया है। स्वामी प्रसाद मौर्य जब से साथ आए हैं जब से भाजपा के दरवाजे पर ताला लग गया है और अलीगढ़ वालों ने भी ताला लगा दिया है जिसकी चाबी भाजपा को कभी नहीं मिलेगी।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की सरकार में शिक्षा मित्रों को रोजगार नहीं मिला। परीक्षाएं रद्द हो गईं। पेपर लीक हो गया। इस सरकार ने किसी की नहीं सुनी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सपा की सरकार बनने पर शिक्षामित्रों और टीईटी करने वालों को नौकरी दी जाएगी और नौजवानों को रोजगार दिया जायेगा।

किसानों को सिंचाई के लिये बिजली मुफ्त देंगे और 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जायेगी। इसके अलावा पुरानी पेंशन को बहाल किया जायेगा। उन्होंने खुशहाली, तरक्की और विकास के लिए सपा के पक्ष में वोट करने की अपील की।

## सपा पर बरसे अमित शाह

### धारा 370 पर अखिलेश बाबू कहते थे खून की नदियां बहेंगी लेकिन कोई कंकड़ नहीं मार पाया

संवाददाता



लखनऊ। देश के पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों से पहले सभी पार्टियां जोरों-शोरों से मतदाताओं को आकृषित कर रही हैं। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी उत्तर प्रदेश के बरेली पहुंचे हुए है जहां उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जमकर कांग्रेस सपा और बसपा पर जमकर हमला बोला। लोगों को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जात-पात देखे बिना हर एक व्यक्ति का विकास करती है। नरेंद्र मोदी सरकार ने उत्तर प्रदेश के 15 करोड़ गरीबों के लिए ढेर सारी योजनाएं भेजीं और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन योजनाओं को आप तक पहुचांने का काम किया। उन्होंने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश से माफियाओं को चुन-चुन कर साफ करने का काम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया है। ये जो परिवर्तन आया है वो सपा, बसपा नहीं ला सकते हैं। गृह मंत्री ने आगे कहा कि बीजेपी ने हर गरीब को 5 लाख तक का इलाज मुफ्त कराने के लिए प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना कार्ड बनाया, जिससे हर गरीब परिवार अपना इलाज करवा सकता है। मैं पूछना चाहता हूं नाम तो समाजवादी पार्टी रखा है अखिलेश बाबू, लेकिन आपके शासन में गरीबों को ये सुविधा क्यों नहीं मिली थी उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपना घोषणा पत्र जारी किया है, जिसमें उत्तर प्रदेश के सभी किसानों को मुफ्त में बिजली दी जाएगी। गरीब बच्चियां जो 12वीं से आगे पढ़ेंगी उन्हें स्कूटी दी जाएगी। कशमीर मुद्दे पर अमित शाह ने कहा कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। हम धारा 370 हटाना चाहते थे और सपा, बसपा, कांग्रेस विरोध करती थी। जब मैं धारा 370 हटाने का बिल लेकर गया तो ये अखिलेश बाबू कहते थे कि खून की नदियां बहेंगी। अरे! अखिलेश बाबू खून की नदियां तो छोड़ो किसी की कंकड़ मारने की हिम्मत भी नहीं हुई।

# पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने बेहतरीन काम करने वाले मंत्रालयों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शीर्ष 10 संघीय मंत्रालयों और विभागों को बृहस्पतिवार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। ऐसा पहली बार है जब मंत्रालयों और विभागों को प्रशास्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।



इस्लामाबाद में एक सामरोह में यह प्रमाणपत्र दिए गए, जो पिछले साल प्रधानमंत्री कार्यालय के साथ प्रत्येक मंत्रालय द्वारा हस्ताक्षरित 'द परफॉर्मेंस एग्रीमेंट' के आधार पर दिए गए।

प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा निर्धारित मानदंडों के आधार पर, संचार मंत्रालय को पहला स्थान मिला। इसके बाद योजना मंत्रालय और गरीबी उन्मूलन विभाग क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। संबंधित मंत्रालयों और विभागों का नेतृत्व करने वाले मंत्रियों को प्रमाण पत्र प्राप्त दिए गए।

खान ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह मंत्रियों के लिए निर्धारित लक्ष्य को पूरा करके अपनी योग्यता साबित करने का एक बड़ा अवसर था। उन्होंने कहा, '' हमारे मंत्रालयों को इससे कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा मिलेगी ...''

खान ने कहा कि शीर्ष प्रदर्शन करने वाले मंत्रालयों के कर्मचारियों को 'बोनस' दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि मंत्रालयों द्वारा 1,090 लक्ष्य निर्धारित किए गए थे, जिनमें से 424 को इस वर्ष पूरा किया जाएगा, जिसमें से शासन से संबंधित 207 और बुनियादी ढांचे से संबंधित 100 लक्ष्य हैं।

इस बीच, विपक्षी दलों ने इस कदम की आलोचना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने अधिकतर मंत्रियों और सलाहकारों पर अविश्वास दिखाया है।

'पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी' (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि खान ने अपने पसंदीदा मंत्रियों को सम्मानित किया और संघीय कैबिनेट के बाकी सदस्यों पर ''अविश्वास'' व्यक्त किया।

पीपीपी के उपाध्यक्ष शेरी रहमान ने एक बयान में कहा, '' सरकार का तीन साल का प्रदर्शन कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और विफलताओं से भरा रहा है। हर मंत्रालय में संकट की स्थिति है।''

विश्लेषक नासिर बेग ने न्यूज चैनल 'हम' से कहा कि खान को बाकी मंत्रियों को ''खराब प्रदर्शन'' के प्रमाण पत्र भी देने चाहिए थे।

# यूक्रेन–रूस संकट: रूस द्वारा बेलारूस भेजे गए हजारों सैनिक अभ्यास में जुटे

**हेग (नीदरलैंड)।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध रोकने की गहन कूटनीति की पृष्ठभूमि में मास्को द्वारा बेलारूस भेजे गए हजारों सैनिक सैन्य अभ्यास में जुटे हैं।

इस बीच, नाटो के और सुरक्षा बल अपने सहयोगी देश यूक्रेन की पूर्वी सीमाओं की ओर बढ़ रहे हैं जबकि ब्रिटेन ने पूर्वी यूरोप में मानवीय संकट की आशंका के मद्देनजर 1,000 सैनिकों को तैयार रहने को कहा है। अगर रूस अपने पड़ोसी देश यूक्रेन पर हमला करता है और लड़ाई शुरू होती है तो मानवीय संकट की आशंका पैदा हो सकती है।

रूस ने यूक्रेन सीमा के समीप 1,00,000 से अधिक सैनिकों को एकत्रित कर लिया है लेकिन साथ ही कहा है कि उसकी हमले की कोई योजना नहीं है। वह पश्चिम देशों से यह गारंटी चाहता है कि नाटो यूक्रेन तथा पूर्व सोवियत संघ के अन्य देशों को इस पश्चिमी सैन्य गठबंधन का हिस्सा बनने नहीं देगा।



पिछले महीने पेरिस में मुलाकात करने वाले जर्मनी, फ्रांस, रूस और यूक्रेन के विदेशी नीति सलाहकारों ने बर्लिन में एक और दौर की वार्ता की। उन्होंने 2015 के शांति समझौते के क्रियान्वयन पर कोई प्रगति नहीं होने की बात कही।

वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपनी चेतावनी दोहराते हुए कहा कि अगर कोई अमेरिकी अब भी यूक्रेन में मौजूद है तो वह जल्द से जल्द देश छोड़ दें। उन्होंने बृहस्पतिवार को एनबीसी न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में कहा, ''यह ऐसा नहीं है कि हम एक आतंकवादी संगठन से निपट रहे हैं। हम दुनिया की सबसे बड़ी सेनाओं में से एक से निपट रहे हैं। यह बहुत अलग स्थिति है और चीजें जल्द ही खराब हो सकती है।''

अमेरिकियों को बचाने के लिए यूक्रेन में सेना भेजने के सवाल पर बाइडन ने कहा, ''वहां नहीं। यह विश्वयुद्ध होगा अगर अमेरिका और रूस एक-दूसरे पर गोलियां चलाना शुरू कर दें।''

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और नाटो महासचिव जेन्स स्टोल्टेनबर्ग चेतावनी दे रहे हैं कि यूक्रेन के समीप रूस के सैन्य जमावड़े से हाल फिलहाल में यूरोपीय सुरक्षा को सबसे बड़ा खतरा पैदा हुआ है। ब्रिटिश नेता ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के खिलाफ कार्रवाई करने का फैसला लिया है लेकिन साथ ही कहा, ''हम हमारा खुफिया तंत्र गंभीरता से काम में लगा हुआ है।''

स्टोल्टेनबर्ग ने कहा कि उन्होंने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव को एक नया पत्र भेजकर यूरोपीय सुरक्षा को बेहतर बनाने पर वार्ता के लिए नाटो के निमंत्रण को दोहराया। जॉनसन पोलैंड के प्रधानमंत्री मैत्यूज मोराविकी से वार्ता के लिए ब्रसेल्स से वारसॉ गए। दोनों नेता पोलैंड की राजधानी के समीप तैनात ब्रिटिन सैनिकों से मुलाकात करने गए थे। पोलैंड की सीमा बेलारूस, यूक्रेन और रूस के कालिनिनग्रैंड क्षेत्र से लगती है। मोराविकी ने कहा, ''पुतिन का राजनीतिक उद्देश्य नाटो को तोड़ना है इसलिए हमें एक साथ रहने की आवश्यकता है।''

वहीं, ब्रिटेन के विदेश मंत्री लिज टुस ने मास्को में लावरोव से बातचीत में फिर चेतावनी दी कि यूक्रेन पर हमला करने के ''गहन परिणाम होंगे और इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।'' तुर्की के विदेश मंत्री मेवलुत कावुसोग्लु ने कहा कि यूक्रेन ने रूस के साथ तनाव कम करने के अंकारा के मध्यस्थता की पेशकश को स्वीकार कर लिया है जबकि रूस ने भी इसे इनकार नहीं किया है।

# अमेरिका का कनाडा से प्रदर्शन खत्म करने के लिए संघीय शक्तियों का उपयोग करने का आग्रह

**टोरंटो (कनाडा)।**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की सरकार से बृहस्पतिवार को अनुरोध किया कि वह देश में कोविड-19 संबंधी पाबंदियों के खिलाफ कनाडाई नागरिकों द्वारा ट्रकों को रोककर किए जा रहे प्रदर्शन को खत्म करने के लिए अपनी संघीय शक्तियों का इस्तेमाल करें।

इस प्रदर्शन के कारण सीमा के दोनों ओर ऑटो संयंत्र अपना उत्पादन बंद करने या कम करने को विवश हो गए हैं।

कनाडा में लगातार चौथे दिन सैकड़ों ट्रक चालक अपने वाहन के साथ प्रदर्शन में भाग ले रहे हैं। उन्होंने ओंटारियो में विंडसर को अमेरिकी शहर डेट्रॉइट से जोड़ने वाले एम्बेसडर ब्रिज को अवरुद्ध कर दिया है जिससे दोनों देशों के बीच ऑटो पार्ट्स तथा अन्य उत्पादों का आयात-निर्यात बाधित हो गया है।



व्हाइट हाउस ने कहा कि होमलैंड सुरक्षा मंत्री एलेजांद्रो मेयरकास और परिवहन मंत्री पीटे बटिग्ज ने अपने कनाडाई समकक्षों से बात की और उनसे गतिरोध को हल करने में मदद करने का अनुरोध किया।

कनाडा के संघीय जन सुरक्षा मंत्री मार्को मेंडिसिनो ने कहा कि रॉयल कनाडाई पुलिस को विंडसर, ओटावा और काउट्स भेजा जा रहा है, जहां पर भी सीमा पर प्रदर्शन हो रहा है।

ट्रूडो ने बृहस्पतिवार को विपक्षी नेताओं के साथ ऑनलाइन बैठक की और बताया कि उन्होंने विंडसर के मेयर से बात की है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन से दोनों पक्षों के मजदूरों और अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान पहुंच रहा है।

# श्रीलंका ने बारुदी सुरंग रोधी संधि लागू करने वाले कानून को मंजूरी दी

**कोलंबो।** श्रीलंका की संसद ने बृहस्पतिवार को एक अंतरराष्ट्रीय संधि को लागू करने के लिए मानव-रोधी बारुदी सुरंगों के उपयोग, भंडारण, उत्पादन और हस्तांतरण को प्रतिबंधित करने वाले एक कानून को मंजूरी दे दी। श्रीलंका ने संधि को पांच साल पहले स्वीकार किया था।

न्याय मंत्री अली साबरी द्वारा बुधवार को पेश विधेयक को बिना मतदान के ही पारित कर दिया गया।

सरकारी बलों और अलगाववादी तमिल टाइगर विद्रोहियों पर श्रीलंका के गृहयुद्ध के दौरान व्यापक रूप से मानव-रोधी और टैंक-रोधी बारुदी सुरंगों का उपयोग करने का आरोप लगाया गया था। वर्ष1997 में हुई ओटावा संधि में श्रीलंका वर्ष 2017 में शामिल हुआ था , जो मानव-रोधी बारुदी सुरंगों पर प्रतिबंध लगाता है।



नया कानून सैन्य और पुलिस कर्मियों को बारुदी सुरंगों का पता लगाने, निकासी, निष्क्रियता और विनाश में प्रशिक्षण के अलावा, ऐसी सुरंगों के उत्पादन, उपयोग या हस्तांतरण को प्रतिबंधित करता है। उल्लंघन करने पर 10 साल तक की जेल और लगभग 2,500 अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र के शुरुआती अनुमानों के मुताबिक, गृहयुद्ध में करीब एक लाख लोग मारे गए थे।

सरकार ने 2016 में कहा था कि युद्ध के बाद बचे बारूदी सुरंगों या विस्फोटकों से 22,100 लोग मारे गए या घायल हुए।

# लंदन की मेट्रोपोलिटन पुलिस की प्रमुख क्रेसिडा डिक ने कई विवादों के बाद दिया इस्तीफा

**लंदन ।** लंदन की मेट्रोपोलिटन पुलिस की प्रमुख क्रेसिडा डिक ने कहा कि वह हाल ही में खड़े हुए कई विवादों के बाद इस्तीफा दे रही हैं।



लंदन के मेयर सादिक खान ने हाल ही में क्रेसिडा को उनके पद से हटाने की धमकी देते हुए कहा था कि वह ब्रिटेन के सबसे बड़े पुलिस बल मेट्रोपॉलिटन पुलिस में सुधार करने के लिए पर्याप्त काम नहीं कर रही हैं और अपने विभाग में कुप्रथा तथा नस्लवाद के बढ़ते आरोपों से निपटने में सक्षम नहीं हैं। खान ने हालांकि बृहस्पतिवार देर रात स्पष्ट किया कि बल में तत्काल सुधार करने का एकमात्र तरीका ''मेट्रोपॉलिटन पुलिस के शीर्ष पद पर नई नियुक्ती ही था।''

क्रेसिडा 2017 से मेट्रोपॉलिटन पुलिस की प्रमुख थीं, वह स्कॉटलैंड यार्ड का नेतृत्व करने वाली पहली महिला थीं। क्रेसिडा ने कहा कि यह ''बेहद दुखद'' है, जो काफी हद तक स्पष्ट हो गया है कि खान को '' मेरे नेतृत्व में अब पर्याप्त विश्वास नहीं है।''

उन्होंने एक बयान में कहा, '' उन्होंने मेट्रोपोलिटन पुलिस सर्विस के आयुक्त पद से हटने के अलावा मेरे पास कोई विकल्प नहीं छोड़ा।''

क्रेसिडा ने कहा कि वह कुछ समय के लिए अपने पद पर बनी रहेंगी ताकि किसी नए व्यक्ति की नियुक्ति होने तक बल में स्थिरता बनी रहे।

# पाकिस्तान में एक दिन में कोविड–19 रोधी टीके की रिकॉर्ड 22.4 लाख खुराकें दी गयीं

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में एक दिन में कोविड-19 रोधी टीके की रिकॉर्ड 22.4 लाख खुराकें दी गयीं हैं। पाकिस्तान के योजना एवं विकास मंत्री असद उमर ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।




कोरोना वायरस के बेहद संक्रामक माने जाने वाले ओमीक्रोन स्वरूप के कारण पाकिस्तान इस समय महामारी की पांचवीं लहर का सामना कर रहा है। पाकिस्तान में ओमीक्रोन का पहला मामला दिसंबर 2021 में सामने आया था।

पाकिस्तान की कोविड-19 टास्क फोर्स और नेशनल कमान एवं अभियान केंद्र के प्रमुख असद उमर ने ट्वीट कर कोविड-19 टीकाकरण के क्षेत्र में इस उपलब्धि को मील का पत्थर बताते हुए इसे हासिल करने के लिए स्वास्थ्यकर्मियों की प्रशंसा भी की।

असद उमर ने ट्वीट कर कहा, एक दिन में कोविड-19 रोधी टीके की रिकॉर्ड 22.4 लाख खुराकें दी गयीं हैं। पिछले चार दिनों से हम लगातार प्रतिदिन कोविड-19 रोधी टीके की 20 लाख से अधिक खुराक दे रहे हैं। पाकिस्तान में टीकाकरण के लिए पात्र प्रत्येक चार लोगों में से तीन लोग टीके की एक खुराक ले चुके हैं।

# विश्व में गत 28 दिन में कोरोना के आठ करोड़ से अधिक मामले

वाशिंगटन। दुनिया भर में बीते 28 दिन में कोरोना वायरस महामारी के आठ करोड़ 51 लाख 80 हजार 346 नये मामले सामने आये हैं और इसी दौरान कुल दो हजार 63 हजार 734 मौतें हुई हैं। इसी के साथ कुल मामलों और मौतों की संख्या इस वक्त क्रमशः 405,993,573 और 5,789,806 है। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के कोरोना वायरस रिसोर्स सेंटर की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक, अब तक विश्व भर में कुल 10,144,768,411 कोरोना वैक्सीन की डोज दी जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि दुनिया भर में कोरोना संक्रमण के शीर्ष दस देशों में अमेरिका पहले स्थान पर है, जहां इस महामारी के कुल मामलों की संख्या 77,436,533 और अब तक कुल 915,617 लोगों की मौत हो चुकी है। दूसरे स्थान पर भारत है, जहां



कुल संक्रमितों की संख्या 42,536,137 हो गई है। देश में कोविड-19 के सक्रिय मरीजों की संख्या घटकर 697802 रह गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान 657 मरीजों की मौत हुई, जिसके बाद अब तक जान गंवाने वाले लोगों का आंकड़ा बढ़कर 507177 हो गया।

इसके बाद इटली तीसरे स्थान पर है, जहां संक्रमितों की कुल संख्या 11,923,631 है, जबकि देश में मृतकों का आंकड़ा 150,22 हो गया है। ब्राजील में कोरोना से अब तक 27,135,550 लोग संक्रमित हुए हैं तथा 636,338 लोगों की मौत हो चुकी है। फ्रांस में कोविड-19 से 21,511,997 लोग संक्रमित हुए हैं तथा 135,264 लोगों की मौत हुई है। जर्मनी में वैश्विक महामारी से अभी तक 12,068,411 लोग प्रभावित हुए हैं। देश में मृतकों का आंकड़ा 119,685 तक पहुंच गया है। वहीं, ब्रिटेन में अभी तक 18,287,720 लोग इस महामारी से प्रभावित हो चुके हैं, जबकि 159,713 लोगों की इस जानलेवा वायरस से मौत हो चुकी है। स्पेन में कोरोना से अब तक 10,555,196 लोग प्रभावित हुए हैं तथा 95,606 लोगों की मौत हो चुकी है। रूस में कोरोना के संक्रमितों की संख्या बढ़कर 13,323,972 हो गई है और इस महामारी से अब तक 331,300 लोगों की मौत हो गयी है। तुर्की में कोरोना संक्रमितों की कुल संख्या 12,653,276 हो गई है। देश में कोरोना संक्रमण से अब तक 89,741 लोग जान गंवा चुके हैं।

# पाकिस्तान में दस साल की बच्ची के साथ बलात्कार

लाहौर । पाकिस्तान के लाहौर शहर में स्थित एक स्कूल में जब एक दस साल की छात्रा शौचालय में गयी तो कथित रूप से एक छात्र ने उसके साथ बलात्कार किया । पुलिस ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी ।



पुलिस ने बताया कि यह घटना घनी आबादी वाले शाहदरा इलाके में स्थित एक निजी स्कूल में बृहस्पतिवार को हुयी ।

उन्होंने बताया कि उन्होंने संदिग्ध आरोपी को हिरासत में लिया है और सीसीटीवी फुटेज का रिकॉर्ड भी कब्जे में ले लिया है । उन्होंने बताया कि लड़की को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी स्थिति गंभीर है ।

पुलिस के अनुसार लड़की तीसरी कक्षा की छात्रा है और वह स्कूल इमारत के भूतल पर स्थित शौचालय में अर्द्धचेतन अवस्था में मिली थी ।

पुलिस ने बताया, '' शुरूआती तथ्यों से पता चलता है कि बच्ची स्कूल की छुट्टी होने के बाद शौचालय में गई थी और संदिग्ध या तो वहां पहले से मौजूद था या वह बच्ची के पीछे पीछे गया। आरोपी ने शौचालय का दरवाजा भीतर से बंद कर दिया और अपराध को अंजाम देने के बाद वहां से निकल गया।''

इस बीच पंजाब के मुख्यमंत्री उस्मान बजदार ने मामले का संज्ञान लेते हुये दोषी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के लिये कहा है।


# रूस ओलंपिक के दौरान यूक्रेन पर हमला कर सकता है: ब्लिंकन

कैनबरा। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शुक्रवार को कहा कि रूस बीजिंग में चल रहे शीत ओलंपिक के दौरान यूक्रेन पर हमला कर सकता है और इसलिए अमेरिकी नागरिकों को पूर्वी यूरोपीय देश तत्काल छोड़ देना चाहिए।

ब्लिंकन ने विदेश मंत्रालय की इस ताजा सुरक्षा चेतावनी के पीछे के कारणों पर विस्तार से जानकारी नहीं दी।

ब्लिंकन ने ऑस्ट्रेलिया के मेल्बर्न में कहा,'' सीधे तौर पर कहा जाए तो हम रूस की तरफ से बढ़ते तनाव के चिंता में डालने वाले संकेत देख रहे हैं,जिनमें यूक्रेन की सीमा पर नए बलों का आना शामिल है।''

अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा,'' हम उस स्थान पर हैं,जहां आक्रमण कभी भी शुरू हो सकता है, और स्पष्ट तौर पर इसमें ओलंपिक का वक्त भी शामिल है।''ओलंपिक खेल 20फ़रवरी को समाप्त होने हैं।



रूस ने यूक्रेन के पास एक लाख से अधिक सैनिक इकट्ठा कर लिए हैं और उसका कहना है कि हमला करने का उसका कोई इरादा नहीं है,लेकिन वह चाहता है कि पश्चिमी देश यूक्रेन और पूर्व सोवित देशों को उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) से बाहर रखे।

भारत,जापान ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के विदेश मंत्रियों के बीच इस बैठक में यूक्रेन पर हमले का खतरा तथा रूस और चीन के बीच गहरे रिश्तों का मुद्दा छाया रहा

बैठक की अध्यक्षता ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री मॉरिस पायने ने की। उन्होंने कहा कि रूस और चीन के बीच गठबंधन ''चिंतित करने वाला है क्योंकि यह वैश्विक व्यवस्था को प्रदर्शित नहीं करता....जो स्वतंत्रता,खुलेपन, संप्रभुता तथा क्षेत्रीय अखंडता की आकांक्षाओं की पक्षधर है।''

ब्लिंकन ने इससे पहले कहा था कि हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन के साथ टकराव टल नहीं सकता।

ब्लिंकन की यात्रा एशिया में अमेरिका के हितों को मजबूत करने और इस क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता से निपटने के इरादे से हुई है। वह फिजी भी जाएंगे और हवाई में अपने जापानी और दक्षिण कोरियाई समकक्षों के साथ उत्तर कोरिया से संबंधित गंभीर चिंताओं पर चर्चा करेंगे।

चीन का सामरिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में कई देशों के साथ क्षेत्रीय विवाद है और वह क्वाड गठबंधन का शुरुआत से ही विरोध करता रहा है।

वहीं चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियन ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव संबंधी क्वाड की चिंताओं को खारिज किया है। उन्होंने कहा,'' हम उम्मीद करते हैं कि प्रशांत क्षेत्र के देश अपनी चुनौतियों से निपट सकें इसके लिए सभी देश ठोस कदम उठाएंगे साथ ही क्षेत्रीय शांति,स्थिरता और विकास के लिए और काम करेंगे।''

# ईरानियों ने मनाई इस्लामिक क्रांति की 43वीं वर्षगांठ

तेहरान । ईरान की 1979 की इस्लामिक क्रांति की 43वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शुक्रवार को हजारों कार और मोटरबाइक सवारों ने परेड में हिस्सा लिया, हालांकि कोरोना वायरस महामारी की चिंताओं के कारण लगातार दूसरे वर्ष पैदल यात्री कम ही बाहर निकले।

राजधानी तेहरान में, कई जगहों से जुलूस शुरू हुए, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए 'आज़ादी स्क्वायर' पहुंचे। राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी दिन में एक मस्जिद में जुमे की नमाज के दौरान भाषण देंगे।



यह वर्षगांठ ऐसे समय मनाई जा रही है जब विश्व शक्तियों के साथ ईरान के परमाणु समझौते को फिर से शुरू करने के लिए वियना में बातचीत जारी है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2018 में समझौते से अपना हाथ खींच लिया था और फिर से प्रतिबंध लगा दिये थे, इसके उत्तर में ईरान धीरे-धीरे अपनी प्रतिबद्धताओं से मुकर गया।

इस्लामिक क्रांति की वर्षगांठ मनाने के लिए जुटी भीड़ ईरानी ध्वज लहरा रही थी और नारे लगा रही थी। उनके हाथों में तख्तियां थीं, जिन पर लिखा था, ''डेथ टू अमेरिका'' और 'डेथ टू इजरायल।''

महामारी के कारण लगातार दूसरे वर्ष यह समारोह वाहनों के जुलूस तक ही सीमित रहा। अधिकारियों ने कहा कि देश में कोरोना वायरस के नये स्वरूप ओमीक्रोन का व्यापक प्रसार हो चुका है और अस्पतालों को इसके लिए तैयार रहने को कहा गया है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 1,30,000 से अधिक लोगों की मौत के साथ ईरान, राष्ट्रीय स्तर पर मौत के मामले में मध्य एशिया में सबसे ऊपर है। ईरान का दावा है कि उसकी 18 साल से अधिक उम्र की करीब 80 फीसदी आबादी को कोविड रोधी टीके की दोनों खुराक लग चुकी हैं और 27 फीसदी लोगों को तीसरी 'ऐहतियाती खुराक' लग चुकी है।

# टाटा पावर- डीडील द्वारा बिजली चोरी के मामलों के तत्काल निपटारे के लिए 12 फरवरी को 'विशेष लोक अदालत' का आयोजन

- लोक अदालत का आयोजन दो स्थानों पर किया जाएगा
- बिजली चोरी और मीटर के साथ छेड़छाड़ के मामलों का निपटारा करने का मौका

नई दिल्ली।

उत्तर और उत्तर पश्चिमी दिल्ली में 70 लाख की आबादी के लिए बिजली आपूर्ति करने वाली प्रमुख बिजली वित्तरण कंपनी टाटा पावर-डीडील, 12 फरवरी 2022 को सुबह 10 से शाम को 4 बजे तक दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएसएलएसए) के साथ मिलकर, बिजली चोरी के मामलों का निपटारा करने के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन करेगी।

इस सत्र का संचालन, सख्ती से कोविड- 19 सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करते हुए निम्न 2 स्थानों पर फिज़िकल / वर्चुअल मोड के माध्यम से किया जाएगाः

1. पर्मनेंट लोक अदालत, माता सुंदरी लेन (बाल भवन के पास)
2. टाटा पावर डीडील के ईएसी कार्यालय, सेक्टर-3, रोहिणी

सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए, सभी याचिककर्ताओं को 19124 या eac.care@tatapower-ddl.com पर संपर्क करके पहले पंजीकरण करने की सलाह दी जाती है।

ऐसे मामले जो या तो किसी भी विधि न्यायलय में लंबित हैं या जिन्हे अभी तक किसी भी विधि न्यायालय में दायर नहीं किया गया है, उन्हें इस विशेष लोक अदालत में लिया जाएगा। अपने बिजली चोरी के मामलों को निपटाने के इच्छुक उपभोक्ता या तो व्यक्तिगत रूप से या तो अपने अधिकृत प्रतिनिधियों के माध्यम से प्राधिकरण पत्र, फोटो आईडी और अपने चोरी के बिल की एक प्रति साथ लेकर जा सकते हैं।

निपटारे की प्रक्रिया में चूक होने पर कंपनी ऐसे उपभोक्ताओं के ख़िलाफ़ विद्युत अधिनियम, 2003 के संबंधित प्रावधानों के अंतर्गत आपराधिक कार्यवाई शुरू करने के लिए मजबूर होगी। 'निपटान आदेश' के बाद, व्यक्तियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने बिलों का समय पर भुगतान करें। उपभोक्ता विभिन्न तरीकों जैसे कि डिमांड ड्राफ़्ट, चेक, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, ऑनलाइन भुगतान या नकद के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं।

# भाजपा द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई

नई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं दिल्ली प्रदेश प्रभारी बैजयन्त जय पांडा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की बातें और विचारधारा न सिर्फ भाजपा के लिए प्रोत्साहन है बल्कि एक उद्देश्य है जिसे हम जनता तक पहुंचाने में कामयाव हो पाए हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण के मौके पर पांडा ने कहा कि अंत्योदय जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय की देन है आज के कोरोना काल के समय में 80 करोड़ लोगों के लिए वरदान साबित हुआ है क्योंकि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मुफ्त राशन पहुँचाने का काम किया गया।



आज समर्पण दिवस के अवसर पर बैजयन्त जय पांडा के अलावा भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री एवं दिल्ली सह प्रभारी डॉ. अलका गुर्जर, भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री महेन्द्र पांडेय, सांसद रमेश बिधूड़ी, नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश उपाध्याय, प्रदेश भाजपा कोषाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के संयोजक विष्णु मित्तल, प्रदेश भाजपा महामंत्री हर्ष मल्होत्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष राजन तिवारी, प्रदेश भाजपा मीडिया प्रमुख नवीन कुमार जिंदल, प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती योगिता सिंह, प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष भूपेन्द्र गोठवाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

पांडा ने कहा कि सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास का नारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा से ही शुरू होकर आज इतना सफल हुआ है। 21वीं सदी में हम जिस भी विषय के बारे में चर्चा करते हैं चाहे वह पर्यायवरण हो या फिर सतत विकास हो, इन सब के बारे में पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने पहले ही मार्गदर्शन कर चुके हैं, और आज पूरी दुनिया उसे अपना रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो सिर्फ चुनाव के वक़्त ही लोगों तक नहीं पहुंचती बल्कि हर विपरीत परिस्थिति में उसके मंत्री एवं कार्यकर्ता जनता के बीच मौजूद रहते हैं, और यह सब पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा से ही प्रेरित है। डॉ. अलका गुर्जर ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने पार्टी को एक विचारधारा दी और पार्टी आज उसी के अनुरूप जन कल्याण की भावना से कार्य कर रही है।

## उत्तरी निगम के छह हजार सफाई कर्मी नियमित होंगे

नई दिल्ली। डेम्स विभाग में दो दशकों से कार्यरत करीब छह हजार सफाई कर्मचारी को नियमित किया जाएगा। यह घोषणा उत्तरी निगम के नेता सदन छैल बिहारी गोस्वामी ने अपने बजट भाषण में कही। नेता सदन ने कहा कि निगम में वर्ष 1998 से 2006 तक के कच्चे सफाई कर्मचारियों को चरणबद्ध तरीके से स्थायी किया जा रहा है। आगामी स्थायी समिति की होने वाली बैठक में वर्ष 2003 तक के सभी अस्थायी सफाई कर्मचारियों को नियमित करने के लिए एक प्रीएम्बल लेकर आ रहे हैं, जिसे सर्वसम्मति से पारित कर सफाई कर्मचारियों को लाभ पहुंचाया जाएगा। साथ ही कहा कि उत्तरी निगम विभिन्न स्थानों पर 70 से अधिक ई-चार्जिंग स्टेशन की स्थापना करेगा। इनको बनाने का लक्ष्य छह महीने का रखा गया है।

## छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर लिटिल फ्लावर्स की वेबिनार

पूर्वी दिल्ली।। शिवाजी पार्क स्थित लिटिल फ्लावर्स पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार 11 फरवरी 2022 को वर्चुअल मंच पर मानसिक स्वास्थ्य ही वास्तविक स्वास्थ्य है विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ संबित पात्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया। इसी कार्यक्रम में (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ महेश व्यास, डॉ निमेष जी देसाई (इहवास हॉस्पिटल शाहदरा) तथा डॉ राजेश सागर (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) ने भाग लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नीता दुआ ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए छात्रों को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए मानसिक रूप से तैयार होने के लिए प्रेरित किया।

इस वर्चुअल कार्यक्रम में लगभग 10,000 छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों ने भाग लेकर बच्चों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान पाया। मुख्य अतिथियों ने विद्यालय के प्रबंध निदेशक श्री रोहित दुआ जी की प्रशंसा की ,कि उन्होंने आज के परिपेक्ष्य में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक सराहनीय प्रयास किया है। श्री रोहित दुआ जी ने सभी अतिथियों द्वारा दिए गए अमूल्य समय एवं योगदान के लिए उनका आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि छात्रों की बेहतरी के लिए आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

## ऑक्सीजन कंसंट्रेटर कालाबाजारी के आरोपी को विदेश जाने की अनुमति

नई दिल्ली। कोरोना महामारी की दूसरी लहर के दौरान ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की कालाबाजारी करने के आरोपी कारोबारी नवनीत कालरा को उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को दो मौकों पर विदेश जाने की अनुमति दे दी है। कालरा को दुबई और इटली के मिलान में चश्मा/लैंस (आईवियर) की दो प्रदर्शनियों में शामिल होना है।

जस्टिस योगेश खन्ना ने कालरा को 50 लाख रुपये का निजी मुचलका भरने की शर्त पर विदेश जाने की अनुमति दी है। उन्होंने धन शोधन के मामले में कालरा के खिलाफ जारी लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया है। न्यायालय ने कहा कि 50 लाख रुपये के मुचलके जमा करने के साथ ही आरोपी को इस बात का हलफनामा दाखिल करना होगा कि प्रवर्तन निदेशालय की ओर से जब्त किसी भी संपत्ति का निपटान नहीं करेगा। न्यायालय ने आरोपी कालरा को हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल के समक्ष मुचलका जमा कराने को कहा है। साथ ही संपत्ति निपटारा नहीं करने के बारे में हलफनामा प्रवर्तन निदेशालय और रजिस्ट्रार जनरल के समक्ष देने को कहा है। आरोपी कालरा को दुबई में एसएएफआईएलओ के कार्यक्रम में 15 से 23 फरवरी तक दुबई में शामिल होना है, जबकि 27 अप्रैल से 5 मई 2022 तक इटली के मिलान में एमआईडीओ के कार्यक्रम में शामिल होना है। साथ ही न्यायालय ने केंद्र सरकार से कहा है कि यदि कोई और एलओसी जारी है तो तीन दिन पहले ही इसकी सूचना आरोपी को दे। इसके साथ ही केंद्र सरकार और प्रवर्तन निदेशालय को कालरा की याचिका पर जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 17 अगस्त को होगी।

## दिल्ली में न्यूनतम तापमान सामान्य से कम रहा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को सुबह आसमान साफ रहा और न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी।

दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह नौ बजे 187 दर्ज किया गया जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है। पड़ोसी फरीदाबाद (190), गुरुग्राम (155), गाजियाबाद (137), ग्रेटर नोएडा (127) और नोएडा (145) में भी एक्यूआई 'मध्यम' श्रेणी में दर्ज किया गया।

शून्य से 50 के बीच एक्यूआई 'अच्छा' माना जाता है, 51 और 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 और 200 के बीच 'मध्यम', 201 और 300 के बीच 'खराब', 301 और 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 और 500 के बीच एक्यूआई को 'गंभीर' माना जाता है।

## राजस्व बढ़ाने के लिए उत्तरी दिल्ली नगर निगम ला रहा बहुस्तरीय कार पार्किंग की योजनाएं

नई दिल्ली। आर्थिक तंगी से जूझ रहा उत्तरी दिल्ली नगर निगम अपने राजस्व की प्राप्ति के लिए बहुस्तरीय पार्किंग की कई योजनाएं लेकर आ रहा है। इस कड़ी में करोलबाग बैंक स्ट्रीट पार्किंग को लेकर टेंडर प्रकिया पूरी हो चुकी है जिसे आईटी आधारित स्मार्ट पार्किंग प्रबंधन प्रणाली की नीति से तैयार किया जाएगा। वहीं, ईदगाह रोड पर भी बहुस्तरीय पार्किंग के लिए डीएमआरसी के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर हो गए हैं। इन पार्किंगों में करीब 3700 कारों के खड़े होने की व्यवस्था होगी। यह बात उत्तरी दिल्ली नगर निगम के नेता सदन छैल बिहारी गोस्वामी ने शुक्रवार को सदन की विशेष बैठक में वर्ष 2021-2022 के संशोधित बजट अनुमान तथा वर्ष 2022-23 के बजट अनुमानों पर पेश अपने वक्तव्य में कही।

# आधी क्षमता के साथ सोमवार से खुलेंगी जिला अदालतें

नई दिल्ली।

दिल्ली की सातों जिला अदालतें सोमवार से 50 फीसदी क्षमता के साथ खुलेंगी। इस बाबत परिपत्र जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि जिला अदालतों में 50 फीसदी न्यायिक अधिकारी प्रतिदिन काम करेंगे। इसी तरह 50 प्रतिशत कर्मचारी भी अदालत में हाजिर रहेंगे। वहीं, 2 मार्च से अदालतें नियमित रूप से काम करेंगी।



सभी जिला अदालतों के जिला न्यायाधीश की ओर से रोटेशन के आधार पर अदालत खोलने की सूची तैयार कर ली गई हैं। इस सूची के आधार पर सोमवार से न्यायिक अधिकारी अदालतों में बैंठेंगे। हालांकि, बाकी बचे 50 फीसदी न्यायिक अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग से नियमित तौर पर मामलों की सुनवाई जारी रखेंगे। यह प्रक्रिया 14 फरवरी से 28 फरवरी तक जारी रहेगी। आगामी 2 मार्च से सभी अदालतों को नियमित तौर पर खोल दिया जाएगा। साथ ही परिपत्र में कहा गया है कि जो भी मुद्दई या वकील अदालत खुलने के बाद भी मामले की सुनवाई वर्चुअल मोड में करना चाहेगा, वह इसका आग्रह कर सकता है। इसके लिए संबंधित अधिकारी से संपर्क कर सकता है। उसके आग्रह पर वीडियो कान्फ्रेंसिंग से सुनवाई को प्राथमिकता दी जाएगी। यह व्यवस्था सभी अदालतों में नियमित तौर पर खुलने के बाद भी जारी रहेंगी।

अदालत खोलने के साथ ही निर्देश कहा गया है कि अदालतकर्मी, वकील, मुद्दई और कोर्ट आने वाले अन्य लोगों को कोरोना नियमों का पालन करना होगा। मास्क पहनना अनिवार्य होगा। सामाजिक दूरी का पालन करना होगा। परिपत्र में अदालत आने वाले सभी पक्षकारों को कहा गया है कि वह जल्द से जल्द अपनी वैक्सीन की डोज पूरी कर लें। इनमें अदालतकर्मी समेत सभी शामिल हैं, ताकि भविष्य में कोरोना महामारी से बचाव में मदद मिल सके। जिससे अदालती कार्रवाई को सुचारू रूप से चलाया जा सके। दरअसल, दो साल तक अधिकांश समय अदालतें बंद रही हैं जिसकी वजह से मुकदमों का बोझ बढ़ गया है।

# वेलकम कॉलोनी में एक पार्क सहित चार मार्गो का नामकरण किया

पूर्वी दिल्ली।। पूर्वी दिल्ली नगर निगम के द्वारा वेलकम कॉलोनी में एक पार्क सहित चार मार्गो का नामकरण किया गया। सिद्ध शिव शक्ति मंदिर के पास वाली सड़क का हर हर महादेव मार्ग के नाम से नामकरण व उद्घाटन वरिष्ठ समाजसेवी जगदीश चंद्र मिश्रा ने किया । इसमे मुख्य अतिथि उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी थे । माता चौक और डब्लू बी ब्लाक के पार्क का नामकरण गणपति पार्क सांसद मनोज तिवारी के द्वारा किया गया । कब्रिस्तान के रोड का नामकरण मेरहूम महफूज अलीना खान मार्ग सांसद मनोज तिवारी के द्वारा किया गया । इन सभी मार्गो के नामकरण का नेतृत्व व व्यवस्था दिल्ली प्रदेश भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कौशल मिश्रा ने किया । इस अवसर पर सांसद मनोज तिवारी ने सभी लोगों से जाति व धर्म से ऊपर उठकर एकजुट होकर देश व राष्ट्र के विकास में योगदान करने की अपील किया । और कहा कि दिल्ली नगर निगम के द्वारा लोगो की आस्था व भावनाओ का सम्मान करते हुए विभिन्न सड़कों व पार्को का नामकरण महापुरुषों व समाजसेवियों के नाम पर किया जाना सराहनीय पहल है।

मोर्चा अध्यक्ष कौशल मिश्रा ने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसा दल जो समाज के सभी धर्म व वर्ग को अपने साथ लेकर चलती है और विकास के मूलमंत्र पर काम करती है। मौके पर शाहदरा उत्तरी जोन चेयरमैन प्रवेश शर्मा, नवीन शाहदरा के जिला अध्यक्ष मास्टर विनोद, निगम पार्षद अजय शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## भाजपा ने 307 ठेके नहीं ख़ोलने दिए और बाकी अवैध 297 शराब के ठेके भी जल्द होंगे सील–कुलजीत सिंह चहल




नई दिल्ली। प्रदेश भाजपा महामंत्री कुलजीत सिंह चहल ने कहा कि दिल्ली की केजरीवाल सरकार द्वारा 551 शराब के ठेके खोले गए हैं जिनमें से 297 वैसे ठेके हैं जो गैर कानूनी हैं या जो मंदिरों, गुरुद्वारों, विद्यालयो के बगल एवं रिहायशी इलाकों में खोले गए हैं जिसमें मास्टर प्लान और निगम के कानूनों का उलंघन किया गया है, जिसे तुरंत प्रभाव से सील किया जाए। जिस तरह से प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने मोतीनगर के शराब के ठेके को सील किया और फिर बाद में निगम ने उस पर मोहर लगाई उसी तर्ज पर पूरी दिल्ली में 297 अवैध शराब की दुकानों को भी सील कर बन्द किया जाए।

आज एक प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि भाजपा शराब नीति के खिलाफ अपना आंदोलन बड़े जोरदार तरीके से करने वाली है और प्रदेश को शराब नगरी बनने से रोकने के लिए दिल्ली की जनता के साथ खड़ी है। हमारे प्रयासों की ही देन है कि 307 शराब के ठेके जो गैर कानूनी तौर पर खोले जाने थे, उन्हें हमने रोक दिया है या ठेकेदारों ने अपना नाम लाइसेंस लेने से वापस ले लिया है। आज हुए प्रेसवार्ता में महामंत्री कुलजीत सिंह चहल के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष राजन तिवारी, प्रदेश मीडिया प्रमुख नवीन कुमार जिंदल, महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह एवं प्रदेश भाजपा मीडिया सह प्रमुख हरिहर रघुवंशी उपस्थित थे।

# निजी क्षेत्र में आरक्षण मामले पर एक साथ होगा विचार

नई दिल्ली।

हरियाणा के स्थायी बाशिंदों को निजी क्षेत्र की नौकरियों में 75 फीसदी आरक्षण देने के कानून पर हाईकोर्ट की रोक के खिलाफ राज्य सरकार की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई की। शीर्ष अदालत ने फैसला किया है कि हरियाणा के साथ ही अन्य राज्यों के ऐसे मामलों की सुनवाई भी एक साथ करेगी।

शीर्ष अदालत ने हरियाणा के मामलों पर सुनवाई करते हुए कहा कि क्या अन्य राज्यों के ऐसे ही मामलों पर एक साथ विचार नहीं किया जाना चाहिए। जस्टिस एल नागेश्वर राव और बीआर गवई की पीठ ने कहा, उसे पता चला है कि इसी तरह के कानून आंध्र प्रदेश और झारखंड में पारित किए गए हैं। उन्हें भी उच्च न्यायालयों में चुनौती दी गई है। क्या इन मामलों को भी सुप्रीम कोर्ट में नहीं लाना चाहिए। गौरतलब है कि उच्च न्यायालय ने 3 फरवरी को फरीदाबाद के विभिन्न उद्योग संघों और गुड़गांव सहित राज्य के अन्य निकायों द्वारा दायर याचिकाओं पर हरियाणा सरकार के कानून पर अंतरिम रोक लगा दी थी।

कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता से कहा कि वह इससे संबंधित मामलों का पता लगाएं और विवरण जुटाएं। पीठ ने कहा, यदि मामले अन्य उच्च न्यायालयों के समक्ष लंबित हैं, तो हम उच्च न्यायालयों से कागजात मंगवाने के बाद इस पर सुनवाई कर सकते हैं, आप हमें बता सकते हैं। मामले की अगली सुनवाई सोमवार को होगी। मेहता ने कहा कि केवल 90 सेकंड की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने एक आदेश से एक कानून पर रोक लगा दी। उन्होंने कहा कि केवल गिने-चुने लोग ही इस कानून का विरोध कर रहे हैं। इस पर त्वरित विचार करने की जरूरत है। लेकिन अदालत ने कहा कि आप सोमवार तक इंतजार कीजिए।

हरियाणा राज्य स्थानीय अभ्यर्थी रोजगार कानून, 2020 राज्य के नौकरी पाने के इच्छुक लोगों को निजी क्षेत्र की नौकरियों में 75 फीसदी आरक्षण देता है। यह कानून 15 जनवरी से प्रभावी हुआ था। यह कानून हरियाणा में स्थित निजी क्षेत्र की कंपनियों, सोसाइटियों, ट्रस्ट, साझेदारी वाली लिमिटेड कंपनियों, साझेदारी फर्म, 10 से ज्यादा लोगों को मासिक वेतन व दिहाड़ी पर नौकरी देने वाले कार्यालयों, विनिर्माण क्षेत्र आदि पर लागू है।

## एम्स के पोर्टल से हो सकेगी लावारिस शवों की पहचान

नई दिल्ली। एम्स ने अपनी मोर्चरी में आने वाले लावारिस शवों की पहचान के लिए यूरोपीय देशों की तर्ज पर विशेष पोर्टल तैयार किया है, जिसकी मदद से कोई भी व्यक्ति मोर्चरी गए बगैर उनकी पहचान कर सकता है। पोर्टल पर मृतकों की डीएनए प्रोफाइल मौजूद है, जिससे फोटो से पहचान न होने पर डीएनए जांच के जरिए मिलान किया जा सकता है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का फोरेंसिक विभाग देश में पहली बार लावारिस शवों की डीएनए प्रोफाइलिंग कर डाटाबेस तैयार कर रहा है।

# संगत की सेवा में शीघ्र समर्पित होगा इंटरनेशनल सेंटर फॉर सिक्ख स्टडीज़ : कालका

- सेंटर बनेगा विद्यार्थियों तथा खोजकर्ताओं का अंर्तराष्ट्रीय केन्द्र : काहलों

नई दिल्ली।

गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब परिसर में स्थापित किये गये दिल्ली सिक्ख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महत्वाकांक्षी प्रॉजैक्ट इंटरनेशनल सेंटर फॉर सिक्ख स्टडीज़ को देश-विदेश की संगत को शीघ्र ही समर्पित किया जायेगा ताकि दुनियाभर के विद्वान और विद्यार्थी यहाँ आकर गुरु ग्रंथ साहिब व सिक्खी पर आधारित अपनी रिसर्च कर सकें। गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष स. हरमीत सिंह कालका ने बताया कि गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब परिसर में स्थित इस सेंटर का उददेश्य गुरू ग्रंथ साहिब जी तथा सिक्ख धर्म संबंधी ज्ञान और जागरूकता सिक्ख विद्यार्थियों के अलावा संसार के अन्य धर्म के लोगों को सरलता से एक ही स्थान पर प्रदान करना है। सेंटर द्वारा गुरू ग्रंथ साहिब जी का संदेश उच्च तकनीक एवं कम्पयूटरीकृत माध्यम से विश्वस्तर तक पहुँचाया जायेगा। सेंटर दुनियाभर के रिसर्च इंस्टीच्यूट तथा यूनिवर्सिटीज़ के सहयोग से विद्वानों तथा विद्यार्थियों को उनकी रिसर्च में सहयोग प्रदान करेगा। यहाँ राष्ट्रीय तथा अर्तराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन होगा और यह सभी सुविधाएँ मुफ्त प्रदान की जायेगी। गुरुद्वारा कमेटी के महासचिव जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि यह सेंटर जल्द ही विद्यार्थियों तथा खोजकर्ताओं का अंर्तराष्ट्रीय केन्द्र बन जायेगा। सेंटर में 150 व्यक्तियों के बैठने की क्षमता वाला उच्च तकनीक होलोग्रॉफिक ऑडिटोरियम, कला प्रदर्शन, डिज़िटल रिसर्च लाईब्रेरी, संग्रहालय आदि का समावेश होगा। इस सेंटर में सिक्ख इतिहास तथा सिक्ख धर्म की पवित्र बाणी को अंग्रेजी, पंजाबी, हिन्दी तथा विश्व की अन्य भाषाओं के माध्यम से उच्च तकनीक की संचार प्रौद्योगिकी द्वारा संसार के अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाया जायेगा। कालका ने बताया कि सिक्खों की नई पीढ़ी जो देश-विदेश में बसी हुई है उन्हें कई बार गुरू ग्रंथ साहिब जी के संदेश को समझने में जो दिक्कत आती है उसे दूर करने में यह सेंटर कारगर होगा और इसे सिक्खों तथा अन्य धर्म के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचाया जायेगा। सेंटर का उददेश्य दुनियाभर के नौजवान सिक्खों को सिक्खी के मूल्यों तथा सिक्ख धर्म की समकालीन प्रासंगिकता की जानकारी देना है। काहलों ने बताया कि गुरु ग्रंथ साहिब जी का संदेश वैशविक है। सेंटर द्वारा सिक्खी संदेश निस्वार्थ सेवाभाव से संचार प्रौद्योगिकी द्वारा अंर्तराष्ट्रीय समुदाय को प्रदान किया जायेगा। दिल्ली सिक्ख गुरुद्वारा कमेटी द्वारा संगत की सेवा में समर्पित होने जा रहे इस सेंटर के निर्माण में वर्ल्ड सिक्ख ऑर्गेनाईजेशन के अध्यक्ष पद्मश्री स. विक्रमजीत सिंह साहनी ने बहुमूल्य योगदान प्रदान किया है। वर्णनीय है कि राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व चेयरमैन व पद्मश्री स. तरलोचन सिंह इस सेंटर के निर्माण में लंबे समय से बतौर चेयरमैन निस्वार्थ सेवा निभा रहे हैं।






## स्थायी समिति अध्यक्ष ने सबोली वार्ड में मलेरिया कार्यालय का उद्घाटन किया



नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति के अध्यक्ष बीर सिंह पंवार ने आज सबोली वार्ड में मलेरिया कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान जोन चेयरमैन प्रवेश शर्मा और निगम के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता, स्थानीय पार्षद एवं पूर्व उप महापौर हरि प्रकाश बहादुर ने की। बीर सिंह पंवार ने कहा कि पूर्वी दिल्ली नगर निगम सीमित संसाधनों के बावजूद जनता की अधिकतम सेवा कर रहा है। उन्होंने कहा कि सबोली वार्ड में मलेरिया कार्यालय नहीं था जिसकी मांग वर्षों से की जा रही थी। भाजपा शासित निगम अच्छा कार्य कर रही है व सभी कर्मचारियों का विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# सम्पादकीय

## असंभव वादों का पिटारा

प्रमोद भार्गव

उत्तर-प्रदेश में चुनाव प्रचार बंद होने के ठीक पहले प्रमुख प्रतिद्वंद्वी दल भाजपा ने संकल्प-पत्र और सपा ने वचन-पत्र के जरिए मतदाताओं को लुभाने के लिए वादों का पिटारा खोल दिया है।

कार और बाइक पर लेटेस्ट अपडेट पाने के लिए यहां क्लिक करें

भाजपा ने होली-दीवाली पर दो गैस सिलेंडर, 60 वर्श से अधिक उम्र की महिलाओं को सरकारी बस में मुफ्त यात्रा, प्रावीण्य सूची में आने वाली छात्राओं को स्कूटी और किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली एवं गन्ना भुगतान में 14 दिन से ज्यादा देरी होने पर चीनी मिलों से ब्याज दिलाने का वचन दिया है। यही नहीं, यह पहली बार देखने में आया है कि भाजपा ने कानूनी वादे की घोषणा कर लव-जिहाद कानून के तहत 10 साल की कैद और 1 लाख रुपए जुर्माने का भी वचन दिया है।

वहीं, अखिलेश यादव ने 88 पृष्ठीय समाजवादी वचन-पत्र में पांच साल में एक करोड़ नौकरी, दो गैस सिलेंडर, 300 यूनिट बिजली, बारहवीं पास को लैपटॉप, लड़कियों को मुफ्त शिक्षा व नौकरी में 33 प्रतिशत आरक्षण और किसान आंदोलन में मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रुपए देने का वादा किया है। किसानों को हर साल दो बोरी डीएपी खाद एवं यूरिया की पांच बोरी मुफ्त देने के साथ, सभी प्रकार की फसलों पर एमएसपी निश्चित करने और गन्ना किसानों का भुगतान 15 दिन में भुगतान करने की प्रतिज्ञा ली है। यही नहीं, सपा आम आदमी के दो पहिया वाहनों को हर माह एक लीटर, ऑटो चालकों को तीन लीटर पेट्रोल या 6 किलो सीएनजी भी देगी। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी भी इसी तरह के बढ़-चढ़कर वादे अपने-अपने घोषणा-पत्रों में कर चुकी हैं।

बहरहाल पांचों राज्यों में सभी राजनीतिक दलों ने घोषणाओं का इतना बड़ा पहाड़ खड़ा कर दिया है कि जीवन गुजर जाए, तब भी वादे पूरे होने वाले नहीं हैं। अतएव मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखाने वाले ये असंभव वादे आखिरकार निराशा ही पैदा करेंगे। रियासत की इतनी रेवड़ियां बांटी हैं कि मामूली समझ रखने वाला नागरिक भी इन वादों पर भरोसा करने वाला नहीं है। एक तरह से हरेक दल ने आसमान से तारे तोड़कर लाने का वादा किया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि युवाओं को रोजगार देने के पुख्ता उपाय और संरचनागत विकास का ढांचा खड़ा करने के वादों की बजाय, ऐसे कार्यों के लिए सरकारी खजाने का मुंह खोलने की बात कही गई है।

जो केवल बहुराष्ट्रीय कंपनियों के उत्पादों की संख्या बढ़ा कर देश व राज्यों पर आर्थिक बोझ बढ़ाने वाले हैं। क्योंकि वाहनों को मुफ्त ईंधन देंगे तो आयात की मात्रा बढ़ानी पड़ेगी, जो विदेशी मुद्रा के लिए संकट बनेगी। याद रहे 1980 में तेल की कीमतें उच्च स्तर पर होने के कारण वेनेजुएला एक अमीर देश था। किंतु इस समृद्धि के चलते वहां की सरकार ने खाने से लेकर यातायात सुविधा, यानी सबकुछ निशुल्क कर दिया। जबकि 70 प्रतिशत भोजन की सामग्री यह देश आयात करता था। धीरे-धीरे आर्थिक स्थिति बदहाली में बदलने लगी। उसी समय तेल की कीमतों में मंदी आई और वेनेजुएला आर्थिक रूप से बर्बाद हो गया।

नतीजतन इन अफलातूनी घोषणाओं के चलते मुफ्त योजनाओं के बजट का आकार नियमित बजट के आकार से बड़ा होता जा रहा है। बावजूद इसमें कोई दो राय नहीं कि यह भ्रष्ट आचरण नहीं है, लेकिन यह चुनावों की निष्पक्षता को जरूर प्रभावित करता है। जो लोकतंत्र के लिए घातक है।

जरूरतमंद गरीबों को निःशुल्क राशन, बिजली, पानी और दवा देने में किसी को कोई एतराज नहीं, लेकिन वोट पाने के लिए प्रलोभन देना मतदाता को लालची बनाने का काम तो करता ही है, व्यक्ति को आलसी एवं परावलंबी बनाने का काम भी करता है। हालांकि अब मतदाता इतना जागरूक हो गया है कि वह वादों के खोखले वचन-पत्रों के आधार पर मतदान नहीं करता। वह जानता है कि चुनावी वादों का पुलिंदा जारी करना राजनीतिक दलों के लिए एक रस्म अदायगी भर है।

तमिलनाडु की मुख्यमंत्री जयललिता ने लोक-लुभावन वादों को चुनावी घोषणा-पत्रों में शामिल करने की शुरूआत की थी, जो आगे चलकर वोट के लिए घूसखोरी बन गई। जयललिता ने 2003 में वादा किया था कि वे मुख्यमंत्री बनती हैं तो 11 वीं और 12 वीं के सभी छात्राओं को साईकिल देंगी। अगली बार उन्होंने सभी विद्यार्थियों को लैपटॉप देने की घोषणा कर दीं। साईकिल तो दूरदराज के ग्रामों से विद्यालय तक आने के लिए उचित भेंट कही जा सकती है। लेकिन जब राज्य में 24 घंटे बिजली की आपूर्ति नहीं हो पा रही थी, तब लैपटॉप का उपहार उचित नहीं था। जयललिता ने 20 किलो चावल और शादी के वक्त कन्याओं को 25 हजार नकद व 4 ग्राम सोने के मंगलसूत्र देने के वादे अपने कार्यकाल में निर्विवाद रूप से पूरे किए थे।

हकीकत यह है कि मुफ्त उपहार बांटे जाने के वादे राज्यों की आर्थिक बदहाली का सबब बन रहे हैं। यह स्थिति चिंताजनक है। मतदाता को ललचाने के ये अतिवादी वादे, घूसखेरी के दायरे में आने के साथ, मतदाता को भरमाने का काम भी करते हैं। थोथे वादों की यह अतिवादी परंपरा इसलिए भी घातक एवं बेबुनियाद है, क्योंकि अब चुनाव मैदान में उतरने वाले सभी राजनीतिक दल घोषणा-पत्रों में नए कानून बनाकर नीतिगत बदलाव लाने की बजाय मतदाता को व्यक्तिगत लाभ पहुंचाने की कवायद में लग गए हैं। जबकि व्यक्ति की बजाए सामूहिक हितों की परवाह करने की जरूरत है। अलबत्ता मुफ्तखोरी की आदत डालकर एकबार चुनाव तो जीता जा सकता है लेकिन इससे राज्य और देश का स्थाई रूप से भला होने वाला नहीं है।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# प्राकृतिक आपदाओं की भेंट चढ़ते जवान

प्रभुनाथ शुक्ल



अरुणाचल प्रदेश के कामेंग इलाके में हिमस्खलन की वजह से सेना के सात जवान शहीद हो गए। जवानों की शहादत उस स्थान पर हुई जहां हमारे देश की सीमा चीन से लगती है। प्राकृतिक आपदाओं में सेना के जवानों की शहादत हमारे लिए बड़ा सवाल है।

गृह और रक्षा मंत्रालय को एक साथ मिलकर प्राकृतिक आपदाओं में जवानों की शहादत को रोकना चाहिए। भू और मौसम वैज्ञानिकों के साथ सेना की तकनीकी विभाग को मिलकर इस प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए रणनीति बनानी चाहिए। क्योंकि बर्फ़ीले तूफान की भेंट चढ़कर अब तक एक हजार से अधिक जवान शहीद हो चुके हैं।

मौसम की गड़बड़ी की वजह से सेना के जवानों को एयरलिफ्ट नहीं किया जा सका। भारी हिमस्खलन होने से सभी सात जवान शहीद हो गए। एवलॉन्च और हिमस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाएं कोई नयी नहीं है। हमारे जवान दुर्गम पहड़ी इलाकों में हजारों फीट की ऊचाई पर देश की रक्षा करते हैं। सेना की शहादत और पराक्रम को भूनाने वाली सरकारों को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। पूरा देश भारतीय जवानों पर गर्व करता। हम बर्फ़ीली ठंड में जब कमरों में वार्मर लगा कर राजाई में गहरी नींद लेते हैं तो हमारा जवान एवलांच और हिमस्खलन जैसी प्रकृतिक आपदा में शहीद होता है।अनावश्यक किसी जवान की शहादत से राष्ट्र को भारी क्षति पहुंचाती है। शहादत की कीमत आम भारतीय परिवार किस तरह चुकाता है, इसकी पीड़ा कोई उसी से पूछे जिनके सपने और उम्मीदें लुट जाती हैं।

ऐ मेरे वतन के लोगों, जरा आंख में भर लो पानी, जो शहीद हुए हैं उनकी जरा याद करो कुबार्नी..स्वर कोकिला लता जी अब हमारे बीच नहीं रहीं। यह अमर गीत लिखने वाले कवि प्रदीप भी नहीं हैं, लेकिन लता और प्रदीप जी अमर हो गए। इस गीत को सुनकर हर भारतीय के रोंगटे खड़े हो जाते हैं। शहीदों के सम्मान में आँसू निकल आते हैं। सीना गर्व से फूल उठता है। उसके अंदर एक सैनिक का जज्बा जाग उठता है। लेकिन सेना के लिए हमारी चिंता कितनी है सवाल इस बात का भी है।

आपको याद होगा 2017 में श्रीनगर के गुरेज सेक्टर में एवलांच यानी बर्फीले तूफान में 15 जवानों की मौत ने देश को हिलाकर रख दिया। एवलांच मौत की सुनामी बन कर आया था। हमने अपने जाबाज जवानों को बेमतलब खो दिया था। जवान दुश्मन के खिलाफ जंग लड़ते नहीं प्राकृतिक कहर में मारे गए। वह भी जिस चौकी पर जवान शहीद हुए वह हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण थी। कुछ ऐसा ही अरुणाचल प्रदेश के कामेंग इलाके में हिमस्खलन की वजह से हुआ।

हमारे सैनिक प्राकृतिक आपदा का शिकार क्यों होते हैं।क्या हमारे पड़ोसी मुल्क चीन, अमेरिका और रूस के जवान भी बर्फीली सीमा पर इस तरह शहीद होते हैं। अगर नहीं तो हमने क्या इस बारे में कभी सोचा? जवानों की सुरक्षा के लिए हमने कोई तंत्र अब तक क्यों नहीं विकसित किया? सिर्फ जवानों की शहादत पर घड़ियाली आंसू बहाने से क्या हम जिम्मेदारियों से बच सकते हैं। सरकारों को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

फरवरी 2016 में भी हमारे 10 जवान इसी तरह शहीद हुए थे, जिसमें मेजर हनुमनथप्पा भी शामिल थे, जिन्हें कई दिन बाद बर्फ से बाहर निकाला गया, लेकिन हम उन्हें बचा नहीं पाए। हिमालय की पर्वत श्रृंखलाओं में एवलांच यानी बर्फीला तूफान और हिमस्खलन ठंड के मौसम में समान्य घटना है। हजारों फीट ऊंची पर्वत श्रृंखलाओं पर बर्फीले तूफान की वजह से मोटी परत जम जाती है। अधिक दबाब की वजह से जब यह नीचे आती है तो इसे एवलांच कहा जाता है। इसकी गति सीमा 100 से 150 किमी प्रतिघंटा की होती है, जिसकी हम कल्पना तक नहीं कर सकते।

हिमालयी इलाकों में सीमा की सुरक्षा बेहद खतरनाक है। जवानों का एक-एक कदम जोखिम भरा होता है। यंत्रों के माध्यम से जांच परख के बाद वह अपना कदम बढ़ाते हैं। एक-दूसरे के साथ रस्सियों के सहारे आपस में बंधे होते हैं। ऑक्सीजन कम होने से सांस लेना भी मुश्किल होता है। बर्फीली गर्तों में समाने का डर हमेशा बना रहता है। वहां तापमान माइनस से कई डिग्री नीचे रहता है।

सफेद बर्फ पर जब सूरज की रौशनी पड़ती है तो उससे आंखों की रौशनी जाने का भी खतरा बना रहता है। इसीलिए जवान विशेष प्रकार का चश्मा पहनते हैं। एवलांच और हिमस्खलन से जवानों को कैसे सुरक्षित रखा जाए अभी तक इसकी तकनीक विकसित नहीं हो पाई है। यह हमारे सिस्टम की सबसे बड़ी नाकामी है। इस पर कभी विचार नहीं किया गया कि एवलांच जैसे बर्फीले तूफान से सीमा पर तैनात जवानों को कैसे बचाया जाए।


हम मंगल ग्रह पर सिर्फ तीन साल में उपग्रह भेज कर अपनी कामयाबी का झंडा बुलंद कर सकते हैं। मिसाइल तकनीक में दुनिया में भारत का लोहा मनवा सकते हैं, लेकिन जवानों की सुरक्षा के लिए वैज्ञानिक कसौटी पर खरा सुरक्षा कवच नहीं तैयार कर सकते। आखिर क्यों?

डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट आर्गनाइजेशन यानी डीआरडीओ ने 2004 में (डब्लूपीएमएस) नामक सिस्टम विकसित करने की प्लानिंग बनाई थी। जिसे वैरियबल साइकोलॉजिकल मॉनिटरिंग सिस्टम का नाम दिया था। संक्षिप्त में उसे स्मार्ट वेस्ट भी कहा गया। इस तकनीक के माध्यम से बर्फीली सीमा पर तैनात जवानों को एक सेंसर लगी जैकेट दी जाती। उस सेंसर के जरिए जवानों की पूरी लोकेशन और स्वास्थ्य की जानकारी कमांडिंग कंट्रोल कैंप को मिलती रहती। संयोग से अगर जवानों की टीम हिमस्खलन या बर्फीले तूफान में फंस गयी तो सेंसर के जरिए वह जानकारी बेसकैंप तक पहुंच जाती, जिससे पूरी यूनिट सतर्क हो जाती और फंसे जवान को सुरक्षित निकालने का प्रसास किया जाता। लेकिन अभी तक यह सुविधा सेना को उपलब्ध हुई या नहीं यह हम नहीं कह सकते। वैसे वर्तमान सरकार सेना के तकनीकी विकास, सुरक्षा और उनकी सुविधाओं को लेकर अधिक संवेदनशील है, लेकिन सेना प्राकृतिक आपदाओं से बचाने के लिए बहुत कुछ करना है।

सेना के संपूर्ण विकास और उसकी सुरक्षा के लिए अलग से रणनीति बननी चाहिए। रक्षा और गृहमंत्रालय को इस पर त्वरित नीतिगत फैसले की जरूरत है।भारतीय सेना प्राकृतिक विषमताओं वाले दुर्गम इलाकों में काम करती है, जिससे उसके स्वास्थ्य और सुरक्षा का मसला हमेशा खड़ा रहता है। सेना के लिए एक खास वैज्ञानिक और तकनीकी यूनिट का विकास होना चाहिए, जिसका काम सिर्फ सेना की सुरक्षा और उसकी तकनीकी सुविधाओं का ख्याल रखे।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय: एकात्म मानववाद के प्रतिपादक

डॉ. अशोक कुमार भार्गव



भारत के सांस्कृतिक अभ्युदय की पवित्र भावना से ओतप्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद का दार्शनिक चिंतन वैश्विक कल्याण की विशुद्ध भारतीय परिकल्पना के शाश्वत विचार प्रवाह का वो अमृत कलश है जो समाज के अंतिम छोर पर खड़े शोषित, पीड़ित, निर्धन, निरीह और निराश व्यक्ति के समग्र उत्थान अर्थात अंत्योदय के प्रति समर्पित है।

यह महज एक नारा नहीं वरन सर्वत्र मानव समाज का एकात्म रूप में दर्शन का जीवंत विचार है। यह यूरोपीय पुनर्जागरण के मानववाद से परे नए संस्करण में समग्र समाज को एक भिन्न दृष्टि से देखने के कारण नई समाज रचना का गतिशील प्रतिमान प्रस्तुत करता है।

पंडित उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को धनकिया, राजस्थान में हुआ था। बाल्यावस्था में ही माता-पिता के स्नेह से वंचित, अनाथ दीनदयाल का लालन-पालन मामा की देखरेख में हुआ। विषम परिस्थितियों में भी वे प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा अर्जन तक सदैव प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कानपुर में अध्ययन के दौरान 1937 में उनकी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रति रुचि जागृत हुई और संघ के संपर्क ने उनके जीवन की दिशा को बदल दिया। 1942 में उन्हें लखीमपुर का जिला प्रचारक नियुक्त किया गया। मामा जी के आग्रह पर वे प्रशासनिक सेवा परीक्षा में बैठे और उनका चयन भी हुआ लेकिन समाज में अंत्यजनों की दुरावस्था से आहत पंडित दीनदयाल ने सरकारी नौकरी को गुलामी मानकर उसका परित्याग कर दिया।

जीवन में संघ की विचारधारा को पूर्णता- आत्मसात कर देश की स्वतंत्रता और अखंडता के लिए अपना खिलता हुआ जीवन पुष्प, भारत माता के श्री चरणों में अर्पित करने का संकल्प धारण कर चल पड़े राष्ट्रभक्ति का अलख जगाने व राष्ट्र के सांस्कृतिक उन्नयन के लिए। उन्हें उत्तर प्रदेश के सह प्रांत प्रचारक का दायित्व मिला। 21 सितंबर 1951 को लखनऊ में विशाल सम्मेलन बुलाकर उत्तर प्रदेश प्रादेशिक जनसंघ की स्थापना की। इसी सम्मेलन में आपने जनसंघ को अखिल भारतीय रूप देने का प्रस्ताव रखा जो सर्वसम्मति से पारित हुआ और 21 अक्टूबर 1951 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में दिल्ली में भारतीय जनसंघ ने अखिल भारतीय स्वरूप प्राप्त किया। दीनदयाल जी को जनसंघ का महामंत्री घोषित किया गया।

आप 15 वर्षों तक भारतीय जनसंघ के राजनीतिक रथ का संचालन करते रहे। 1963 में जौनपुर से लोकसभा का उपचुनाव भी लड़ा किंतु पराजित हुए, उसके बाद आजीवन लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ा। राजनीति में विरोध के लिए विरोध के सख्त विरोधी दीनदयाल जी ने कहा कि सिद्धांत की बलि चढ़ा कर मिलने वाली विजय सच पूछो तो पराजय से भी बुरी है। ऐसी विजय हमें नहीं चाहिए। इस प्रकार राजनीति में रहकर भी उन्होंने सिद्धांत और व्यवहार तथा कथनी और करनी में संतुलित समन्वय की मिसाल कायम की।

राष्ट्र सेवा, समाज सेवा और व्यक्ति सेवा की भीष्म प्रतिज्ञा लेने वाले आजीवन ब्रह्मचारी पंडित दीनदयाल उच्च कोटि के विचारक, पत्रकार, दार्शनिक, प्रतिभा संपन्न लेखक, सजग राजनीतिज्ञ, निपुण संघटक, प्रभावी वक्ता और सफल आंदोलन कर्ता थे जिनका साहित्यिक जीवन भी अत्यंत गौरवशाली रहा। राष्ट्र धर्म (मासिक), स्वदेश (दैनिक) तथा पांचजन्य (साप्ताहिक) का प्रकाशन उनके मार्गदर्शन में प्रारंभ हुआ। वस्तुतः रचनात्मक लेखनी के धनी पंडित दीनदयाल के लेखन का एकमात्र लक्ष्य भारत की प्रतिष्ठा वृद्धि अर्थात राजनीतिक दृष्टि से सुदृढता, सामाजिक दृष्टि से उन्नति और आर्थिक दृष्टि से समृद्ध राष्ट्र निर्माण रहा।

साधन और साध्य की पवित्रता में अटूट आस्था रखने वाले पंडित जी की सहजता सरलता और सादगी उनके व्यक्तित्व की विशिष्ट पहचान थी। उनके व्यक्तित्व के अनेक ऐसे प्रसंग, संस्मरण हैं जो वर्तमान परिपेक्ष में हमें प्रेरित और प्रोत्साहित करते हैं। एकबार की बात है किसी विश्वविद्यालय में चर्चा सत्र के दौरान पंडित दीनदयाल जी ने विदेशों में प्रकाशित नए ग्रंथों के संदर्भ दिए जो उस विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में पहुंचे ही नहीं थे या विश्वविद्यालय के प्रोफेसर भी नहीं जानते थे। उनके विद्वता पूर्ण प्रामाणिक और सारगर्भित भाषण से अभिभूत होकर एक प्रोफेसर ने कहा इस व्यक्ति की केवल वेशभूषा ही साधारण है वरना ये तो विद्वानों का विद्वान हैं। इनमें मुझे कहीं शरीर नजर नहीं आता। ऊपर से नीचे तक केवल बुद्धि ही बुद्धि के अलावा और कुछ है ही नहीं। वहीं, एक प्रसंग में डॉक्टर मुखर्जी ने कहा कि जैसा मैं चाहता था वैसा ही साथी मुझे मिल गया और मुझे ऐसे दो दीनदयाल और दे दीजिए तो मैं सारे देश का नक्शा बदल दूंगा।

राष्ट्र के सांस्कृतिक उत्थान के लिए संकल्पित दीनदयाल जी का विश्वास था कि यह कार्य हमारे पुरुषार्थ से धर्म का संरक्षण करते हुए संपूर्ण राष्ट्र की संगठित कार्य शक्ति द्वारा ही किया जा सकता है। हमारी राष्ट्रीयता का आधार भारत माता है केवल भारत नहीं। माता शब्द हटा दीजिए तो भारत केवल जमीन का एक टुकड़ा मात्र रह जाएगा। मानव समाज को समग्रता में देखने का उनका अभिनव चिंतन बौद्धिक दृष्टि से प्रगल्भ, वैचारिक निष्ठा और नैतिक मूल्यों का पक्षधर था। संसार में एकता का दर्शन कर उसके विविध रूपों के बीच परस्पर पूरकता को पहचान कर उनमें परस्पर अनुकूलता का विकास करना तथा उसका संस्कार करना ही संस्कृति है। प्रकृति को ध्येय की सिद्धि के अनुकूल बनाना संस्कृति तथा उसके प्रतिकूल बनाना विकृति है। संस्कृति प्रकृति की अवहेलना नहीं करती। हमारी संस्कृति संपूर्ण जीवन का, संपूर्ण सृष्टि का संकलित विचार करती है। वह समाज जीवन के मूल आधारों के एक्य की बात करती है। इसके विपरीत पश्चिम विश्वास करता है कि जीवन में प्रगति का आधार राज्य और व्यक्ति के मध्य सदैव चलने वाला वर्ग संघर्ष है। पश्चिम के संघर्ष की यह अवधारणा संस्कृति अथवा प्रकृति का नहीं विकृति का द्योतक है।

विकृति, प्रकृति एवं संस्कृति को स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि छीन कर खाने को विकृति, भूख लगने को प्रकृति और मिल बांट कर खाने को संस्कृति कहते है। आर्थिक चिंतन में वह अर्थायाम शब्द का प्रयोग करते हुए उसे योग के प्राणायाम के संदर्भ में परिभाषित करते हैं। वे कहते हैं जैसे प्राणायाम में हम सांस अंदर खींचते हैं और बाहर निकालते हैं उसी तरह से हमें अर्थायाम में धन प्राप्त करना चाहिए परंतु कर के रूप में एक हिस्सा राष्ट्र को भी देना चाहिए तभी राष्ट्र आर्थिक दृष्टि से उन्नति कर सकेगा। वे उदाहरण देकर स्पष्ट करते हैं कि जैसे रक्त एक स्थान पर एकत्र हो जाए तो थक्का बनकर स्वास्थ्य के लिए घातक बन जाता है ऐसे ही अर्थ भी एक ही व्यक्ति के पास बहुत अधिक मात्रा में इकट्ठा हो जाए तो वह सामाजिक स्वास्थ्य को प्रदूषित कर देता है। हमारी सांस्कृतिक चेतना राज्य और व्यक्ति को एक दूसरे का पूरक ही नहीं वरन सर्वांग का एक भाग मानती है। अतः यह नाता संघर्ष का नहीं वरन भाईचारे का है, समन्वय का है, आपसी सद्भाव और मैत्री का है। जैसे ऑक्सीजन हमें वनस्पतियों से मिलती है तथा वनस्पतियों के लिए आवश्यक कार्बन डाइऑक्साइड प्राणी जगत से प्राप्त होती है। इसी परस्पर पूरकता अथवा सहयोग के कारण ही संसार चलता है।

जीवन में अनेकता और विविधता होते हुए भी मूलभूत एकता है। वट वृक्ष विराट है। बीज सूक्ष्म हैं। बीज में वृक्ष अपनी संपूर्ण विशालता सहित समाया हुआ है। बीज की एकता ही पेड़ के मूल, तना, शाखाएं, पत्ते और फल के विविध रूपों में प्रकट होती हैं। अर्थात जो सूक्ष्म है वहीं विराट है। जो विराट है वही सूक्ष्म है।

# हिजाबः औरत को 'गुलाम' बनाए रखने की साजिश

डॉ. सीमा सिंह



लोकप्रिय शायर असरारुल हक़ मजाज़ की यह पंक्तियां अक्सर मेरी बहनों ने आंदोलनों के दौरान खूब इस्तेमाल की हैं-तेरे माथे पे ये आंचल बहुत ही खूब है लेकिन/ तू इस आंचल से एक परचम बना लेती तो अच्छा था। इसी शेर की शुरुआती पंक्ति कुछ इस तरह है जो कम ही सुनने को मिलती है-हिजाब-ए-फितनापरवर अब उठा लेती तो अच्छा था।

खुद अपने हुस्न को परदा बना लेती तो अच्छा था।

हिजाब औरत को गुलाम बनाने की साजिश है, जिस पर कभी खुलकर बात नहीं हुई। बात अगर परचम लहराने की है तो फिर ओढ़नी ही क्यों, बुर्का का भी परचम लहराया जा सकता है। बुर्का लहराया जाएगा तो स्त्रियां अधिक स्वतंत्र होंगी। औरत को गुलाम बनाए रखने की साजिश है हिजाब। शर्म आती है जब हिजाब के लिए महिलाएं आंदोलन करती नजर आती हैं। रूढ़िवादी सोच का अंत होना ही चाहिए। जैसे- सती प्रथा, पर्दा प्रथा जैसी कुप्रथाओं ने दम तोड़ दिया है, वैसे ही हमारी मुस्लिम बहनें भी अपने अधिकार पाएं और बुर्के से आजादी।

यहां दर्दजा उपन्यास का जिक्र जरूरी हो जाता है जो सुन्नत के लिए संघर्ष करती महिलाओं की कहानी है। औरतों पर इतने जुल्म हुए हैं कि आज उसे विधि और विधान प्रक्रिया से मिली आजादी भी समझ नहीं आती। दर्द सहते हुए दर्द की आदत-सी हो जाती है। उपन्यास की नायिका कहती है एक तरफ मेरे संस्कार थे, परवरिश थी, दूसरी तरफ मेरे सवाल, मेरे संशय... बीच में मैं परेशान, भ्रमित। कहां जाऊं, किससे बात करूं, समझ नहीं पाती थी। अंदर ही अंदर घुटती रहती थी। कभी-कभी सोचती थी, खुदा ने मुझे भी औरों की तरह क्यों नहीं बनाया। क्यों मैं अपनी उम्र की दूसरी लड़कियों की तरह निश्चित खुश नहीं रह पाती। काश मैं भी दूसरों की तरह यह मान पाती कि दुख हम औरतों की नियति है, कि हमें इसी में जीना और इसी में मरना है।

कितने ही रंग हैं इस दुनिया में फिर कौन-सा खुदा है जो महिला को काले रंग में कैद करने की लगातार कोशिश करता आ रहा है। आज जब मुस्लिम महिलाओं को कहते सुना कि हिजाब उनके जीवन की पहली प्राथमिकता है और शिक्षा उसके बाद तो लगा जरूर शिक्षा व्यवस्था में कुछ कमी रह गयी है जो अपने साथ हो रहे शोषण को वह पहचान नहीं पा रही या वह विवश हैं। कानून ने जरूर महिला को बराबरी दी लेकिन सामाजिक बराबरी के लिए आज भी संघर्ष चल रहा है। स्त्री को सशक्त बनाने के लिए लोकतांत्रिक भारत में शासन व्यवस्था, योजनाओं में महिलाओं को समानता दिलाने के लिए कई कानून हैं। एक समय था जब औरत को वोट देने तक का अधिकार नहीं था। लंबी लड़ाई लड़ने के बाद यह संभव हो पाया। महिलाओं ने कार्यस्थल पर सामान वेतन के लिए संघर्ष किया और जीत हासिल की।

सिमान द बोउवार ने अपनी पुस्तक %स्त्री उपेक्षिता% में लिखा है %औरत पैदा नहीं होती, बल्कि बना दी जाती है।% यह हिजाब के लिए संघर्ष करने वाली औरत खुद नहीं बनीं, न इसके खुदा ने ऐसा करने को कहा है, बल्कि इस्लाम धर्म के ठेकेदारों ने उसे बनाया है। भारत में अब तक कई नारीवादी आंदोलन हुए, जिन्होंने स्त्री अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष किया। इनमें ज्योतिराव फूले ने कन्या शिशु हत्या के खिलाफ, सावित्री बाई फूले ने लड़कियों के स्कूल भेजे जाने की अनिवार्यता पर बात की। ताराबाई शिंदे जिनका काम, स्त्री-पुरुष तुलना पर केंद्रित पहला आधुनिक भारतीय नारीवाद पाठ माना जाता है। पंडित रमा बाई ब्रिटिश भारत में महिलाओं की मुक्ति के लिए समाज सुधारक के रूप में आईं और भी न जाने कितने ही नाम इतिहास में अंकित हैं। आज भारत में महिला जिस बराबरी को पा सकी हैं उसमें इन स्त्रियों का विशेष योगदान रहा है।

आखिर कब तक दूसरे दर्जे पर महिला खड़ी रहेगी। हम हर वर्ष महिला दिवस मनाते हैं, ताकि महिलाएं अपने अधिकार को लेकर सजग रहें। क्या यह महिला दिवस बुर्के को ओढ़े रहने के लिए मनाते हैं? कनक मिश्रा की पंक्तियां हैं %जन्म से मृत्यु तक/आखिर कब अपने लिए जियोगी/ समाज के ठेकेदारों के लिए कब तक अपनी इच्छाओं को कुचलोगी/ तुम्हें भी जीने का अधिकार मिला है/ इस जीवन को न व्यर्थ करो/ उठो, चलो और आगे बढ़ो/ और नारी जीवन को सार्थक करो। नहीं मानती कि किसी खुदा ने कहा होगा कि बुर्क़ा ओढ़ लो। बुर्क़ा उन पुरुषों को करना चाहिए जो सभी महिलाओं में काम वासना देखते हैं। खुदा ने दिया होता तो आज सभी मुसलमान स्त्री-पुरुष यह ओढ़े होते। यह महिलाओं के साथ साजिश है जो इनसे यह करवाते हैं। खुद को खुदा का बंदा समझने वाले पुरुषों ने यह थोपा है। काले लिबास में ढंकी महिला की आखिर यह कौन-सी आजादी है, जिसकी पैरोकारी के लिए कथित बौद्धिक समाज आज लामबंद हो रहा है। यह लामबंदी भी सेलेक्टिव ही है, यह वामपंथी लॉबी अफगानिस्तान में बुर्कानशीं कानून की अनिवार्यता का विरोध करती है और भारत में पुरजोर समर्थन।

पुरुषवादी मानसिकता सिर्फ पुरुषों में नहीं होती, बल्कि महिलाएं भी इसे पोषित करती हैं। बुर्का समर्थन में खड़ी महिला दरअसल इस्लामी शिकंजे में फंसी हुई वह स्त्री है जो पर्दा न करने वाली मुस्लिम महिलाओं के लिए एक षड्यंत्र है। ऐसे ही विचारों से स्वछंद महिलाओं को यह समाज दबाता आ रहा है। मेरी एक कॉमरेड सखी के शब्द हैं जिससे मैं पूरी तरह सहमत हूं %सखियों, जो रीतियां, दुःख देती हैं, खुश नहीं रहने देती उन्हें तोड़ दो। एक की पहल, दूसरे के लिए हिम्मत और जीवन होती हैं। हम स्त्री होकर स्त्री के दुःख-दर्द में क्यों साथ नहीं देतीं? क्यों हम महिलाएं खुद ही दूसरी महिलाओं पर बंदिश लगाती हैं। क्या यह कथित नारीवादी आंदोलन और बौद्धिक वितंडावाद का कोरा ढोंग नहीं है। पीएफआई और वामपंथी संगठनों से जुड़ी वामपंथनों ने इसे तिल का ताड़ बना दिया है। आओ मिलकर इन बंदिशों और कुरीतियों की बेड़ियां तोड़ दें। औरत होकर औरत का दर्द न बढ़ाओ, जो बेड़ियां टूट रही हैं, उन्हें फिर से बांधकर औरत को कमजोर करने का काम न करो। संघर्ष करो उन धर्म के ठेकेदारों से जो तुम्हें काले कपड़े में कैद करते रहने को विवश करते हैं। उसे अपनी पहचान कहकर स्त्री जाति को कलंकित न करो। यकीन मानो, स्त्री की आजादी कभी बुर्के के साथ नहीं खड़ी होगी। यह तुम्हें भड़काकर अंततः महिलाओं के अधिकारों को कमजोर करेगी।

मुगल-ए-आज़म फिल्म के एक गीत के बोल हैं पर्दा नहीं जब कोई खुदा से/बन्दों से पर्दा करना क्या...। इस गीत में भी पर्दानशीं और पर्देदारी को सभ्य समाज के लिए अनावश्यक बताया गया है। महिला अधिकारों की बात और अमानवीय प्रथा का समर्थन दोनों एक साथ कैसे चल सकते हैं। बुर्का जैसी अमानवीय और अप्राकृतिक प्रथा के खिलाफ शिक्षित महिलाओं और छात्राओं को मुखर होना चाहिए। तभी सच्चे अर्थों में महिलाएं स्वतंत्रता का अनुभव कर सकेंगी।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं, दिल्ली.... से मुद्रित एवं, ब्लॉक नं. 23 मकान नं. 399 त्रिलोकपुरी दिल्ली....91 से प्रकाशित संपादक -प्रवीण कुमार सिंह टेलीफोन नं. 011.22786172 फैक्स नं. 011.22786172
RNI NO. DELHIN38334, E-mail:gauravashalibharat@gmail.com इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के पीआरबी एट के तहत

## सार समाचार

### राजनीति के अखाड़े में दम लगाएंगे पहलवान द ग्रेट खली, भाजपा में हुए शामिल




नई दिल्ली। देश के पांच राज्यों में विधानसभा के चुनाव हो रहे हैं। नेताओं का एक दूसरे दल में जाना भी जारी है। इन सबके बीच आज भाजपा में पहलवान द ग्रेट खली शामिल हुए हैं। इसके साथ ही द ग्रेट खली राजनीति में अपने करियर की शुरूआत कर रहे हैं। भाजपा के दिल्ली स्थित कार्यालय में द ग्रेट खली ने पार्टी की सदस्यता ली। इसके साथ ही वह औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल हो गए। द ग्रेट खली अंतरराष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त पहलवान हैं। द ग्रेट खली का पूरा नाम दिलीप सिंह राणा है। द ग्रेट खली को केंद्रिय मंत्री जितेंद्र सिंह और भाजपा महासचिव अरुण सिंह ने पार्टी में शामिल कराया। दिल्ली ऑफिस में भाजपा नेताओं ने पार्टी का पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। भाजपा में शामिल होने के बाद पहलवान द ग्रेट खली ने कहा कि भाजपा की नीति भारत को आगे बढ़ाने की है, इससे प्रभावित होकर मैं पार्टी में शामिल हुआ हूं। भाजपा जहां भी मेरी ड्यूटी लगाएगी मैं कोशिश करूंगा कि खरा उतरू।

### दिल्ली सरकार का बड़ा तोहफा, डीजेबी के 700 संविदा कर्मचारियों की नौकरी स्थायी

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के 700 संविदा कर्मचारियों की नौकरी को स्थायी कर दिया गया है और इस फैसले की गूंज देश के अन्य हिस्सों में भी सुनाई देगी। स्थायी बनाए गए डीजेबी कर्मियों को प्रमाण पत्र देने के लिए यहां आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान केजरीवाल ने कहा, 'यह एक मिथक है कि 'कच्चे' (संविदा) कर्मी को 'पक्का' (स्थायी) नहीं बनाया जाना चाहिए, क्योंकि इससे वे आलसी हो जाते हैं और अधिक काम नहीं करते, लेकिन 2015 में पहली बार हमारी सरकार बनने के बाद जब हम शिक्षा विभाग में क्रांति लेकर आए या जब हमने स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में सुधार किया, तो यह काम केवल सरकारी शिक्षकों, चिकित्सकों और नर्स ने ही किया।' उन्होंने कहा कि इस कदम ने इस मिथक को भी तोड़ दिया और अब सुरक्षा की भावना होने के कारण वे पहले से दोगुना काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, 'हमने डीजबी में जो बड़ा फैसला किया है, उसकी गूंज देश को अन्य हिस्सों में भी सुनाई देगी और अन्य राज्यों के लोग भी सवाल करने लगेंगे कि यदि यह दिल्ली में किया जा सकता है, तो अन्य राज्यों में क्यों नहीं किया जा सकता।' उन्होंने कहा कि उनकी सरकार अन्य विभागों में भी संविदा कर्मचारियों की नौकरी को स्थायी बनाना चाहती है, लेकिन केंद्र सरकार पर प्रशासनिक निर्भरता के कारण उसके पास ऐसा करने के लिए पर्याप्त शक्तियां नहीं है। उन्होंने कहा कि डीजेबी एक स्वायत्त संस्था है, इसलिए इसमें ऐसा करना संभव था।

### चुनाव प्रचार के दौरान बड़े हादसे का शिकार होते-होते बचीं प्रियंका गांधी, बिजली की तार ऊपर गिरी

लखनऊ । उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के प्रचार के आखिरी दिन 8 फरवरी को कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश मामलों की प्रभारी प्रियंका गांधी वाद्रा ने मेरठ, आगरा और मथुरा जिलों में रोड शो में हिस्सा लिया तथा उप्र की जनता पर विश्वास जताते हुए कहा कि उनकी पार्टी की मेहनत रंग लाएगी। मथुरा में शोड शो के दौरान प्रियंका गांधी के काफिले पर अचानक एक तार गिर गयी, जिससे वह बाल बाल बचीं। हादसा बड़ा भी हो सकता था अगर सही समय पर उस खतरे को नहीं टाला जाता लेकिन समय से तार से प्रियंका गांधी को सुरक्षा में लगे लोगों ने बचा लिया। घटना कुछ इस प्रकार हुई जब प्रियंका गांधी का काफिला चुनाव प्रचार करते हुए मथुरा के छत्ता बाजार के अंदर से गुजर रहा था। तभी बिजली का एक तार प्रियंका गांधी के चेहरे से टकराने वाला था क्योंकि वहा बहुत कम जगह थी और काफिला गलियों के बीच से निकल रहा था। सुरक्षाकर्मियों ने बिजली के तार को वक्त रहते पकड़ कर हटा दिया। आपको बता दें कि प्रियंका गांधी लगातर योगी सरकार पर निशाना साध रही हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही विकास, महिला अधिकार, किसानों की स्थिति, बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के रोडमैप के साथ उनके मुद्दे उठा रही है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख?यालय से मंगलवार को जारी एक बयान के अनुसार, प्रियंका गांधी वाद्रा ने अपने रोड शो में मतदाताओं से उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए पार्टी को वोट देने की अपील की। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के साथ प्रियंका गांधी मेरठ के हस्तिनापुर पहुंचीं और जैन साध्वी ज्ञानमती माताजी का आशीर्वाद लिया। बयान के अनुसार प्रियंका के साथ एक स्मृति साझा करते हुए माताजी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू, राजीव गांधी और इंदिरा गांधी का हस्तिनापुर से विशेष लगाव था। मवाना पहुंचने पर प्रियंका वाद्रा और सचिन पायलट कांग्रेस प्रत्याशी अर्चना गौतम के साथ ट्रैक्टर पर सवार हुए और लोगों से वोट मांगे।


### केजरीवाल को पंजाब में वोट मांगने का कोई हक नहीं : सुखबीर बादल

सुजानपुर (पठानकोट)। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने बुधवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को पंजाब में वोट मांगने का कोई अधिकार नहीं है क्योंकि उन्होंने पिछले पांच साल के दौरान लंबे समय तक राज्य का दौरा नहीं किया था। सुखबीर बादल ने अपनी पार्टी के सुजानपुर के उम्मीदवार राज कुमार गुप्ता के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। बादल ने कहा कि केजरीवाल कोविड-19 महामारी के दौरान भी पंजाब नहीं आए। बादल ने केजरीवाल पर 'पंजाबियों को फिर से धोखा देनेह्व की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए लोगों से कहा, 'आप पहले से ही पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह द्वारा ली गई झूठी शपथ पर भरोसा करके पीड़ित हैं। अब, बाहरी लोगों की एक पार्टी आपसे एक मौका देने के लिए कह कर आपको लुभाने की कोशिश कर रही है।' शिअद प्रमुख ने कहा, 'मैं आम आदमी पार्टी से पूछता हूं कि पंजाबियों को उस पर भरोसा क्यों करना चाहिए। इसके संयोजक पांच साल पहले पंजाब आए और उनकी पार्टी ने राज्य में प्रमुख विपक्षी दल के रूप में उभरने के लिए 20 सीटें भी जीतीं। हालांकि, लोगों की आवाज उठाने के बजाय, इसके 20 में से 11 विधायक कांग्रेस में शामिल हो गए।' बादल ने कहा, 'केजरीवाल चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से पहले साल में एक बार से अधिक पंजाब नहीं आए। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में पंजाब को कोई दवाइयां भेजने की परवाह नहीं की। उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान राज्य का दौरा भी नहीं किया। यदि आप उन्हें मौका देते हैं और आम आदमी पार्टी को सत्ता में चुनते हैं तो आप उन पर कैसे भरोसा कर सकते हैं कि वे आपके साथ खड़े हैं।' शिअद अध्यक्ष ने पंजाबियों से बाहरी लोगों को खारिज करने का आग्रह करते हुए कहा कि सिर्फ शिअद-बहुजन समाज पार्टी का गठबंधन ही लोगों की क्षेत्रीय आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है।

# हिंदू हित ही राष्ट्रहित, यही होनी चाहिए पहली प्राथमिकता: मोहन भागवत

## हमारे पास इतना सामर्थ्य है कि किसी के पास हमारे सामने खड़े रहने की ताकत नहीं

**हैदराबाद (एजेंसी)**



आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि हिंदू इतने सक्षम हैं कि किसी के पास उनके खिलाफ खड़े होने की ताकत नहीं है। हिंदू समुदाय किसी के प्रति विरोधी नहीं है। गौरतलब है कि संघ प्रमुख भागवत हाल ही में हैदराबाद में संत श्री रामानुजाचार्य की जयंती समारोह में भाग लेने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारे पास इतना सामर्थ्य है कि किसी के पास हमारे सामने खड़े रहने की ताकत नहीं है। उन्होंने ये भी कहा कि हिंदू समाज किसी का विरोधी नहीं है। हम सदियों से कायम हैं और फलते-फूलते रहे हैं। जिन लोगों ने 1,000 वर्षों तक हिंदुओं को नष्ट करने की कोशिश की, वे अब दुनिया भर में आपस में लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों के डर का एकमात्र कारण यह है कि वे भूल गए हैं कि वे कौन हैं। उन्होंने हमें खत्म करने की कोशिश की, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। आज भी भारत के सनातन धार्मिक जीवन को यहां देखा जा सकता है। इतने अत्याचारों के बावजूद, हमारे पास 'मातृभूमि' है। हमारे पास बहुत सारे संसाधन हैं। तो हम क्यों डरते हैं? क्योंकि हम खुद को भूल जाते हैं। स्पष्ट कमजोरी का कारण यह है कि हम जीवन के प्रति अपने समग्र दृष्टिकोण को भूल गए हैं।'

भागवत ने आगे कहा कि हमलों और क्रूर अत्याचारों को झेलने के बावजूद देश में हमारी संख्या आज 80 प्रतिशत है। देश पर शासन करने वाले और राजनीतिक दलों को चलाने वालों में अधिकतर हिंदू हैं। यह हमारा देश है और आज भी यहां हमारे मंदिर हैं और बन भी रहे हैं। हमारी परंपराओं ने हमें जो सिखाया वह स्थायी है। उन्होंने कहा कि स्वयं, परिवार, पंथ, जाति, भाषा और अन्य पहचान के हितों से ऊपर राष्ट्रीय हित को पहली प्राथमिकता दी जानी चाहिए। हिंदू हित यानी राष्ट्रहित पहली प्राथमिकता होनी चाहिए और इसी तरह हम एक मजबूत और सक्षम राष्ट्र होंगे और फिर कमजोरी के किसी भी विचार को छोड़ देंगे।

### गुजरात दंगे के 20 साल पूरे होने पर यूके की संसद में उठा मुद्दा

नई दिल्ली। गुजरात में हुए सांप्रदायिक दंगों के 20 साल पूरे होने पर यूके की संसद में इससे जुड़ा मुद्दा गूंजने लगा। बुधवार को लेबर पार्टी के सांसद किम लीडबीटर ने कहा कि इन दंगों में दो ब्रिटिश नागरिकों की मौत हो गई थी और भारत को उनके अवशेष लौटा देने चाहिए। उन्होंने कहा कि यूके सरकार को भारत के सामने यह मुद्दा रखा चाहिए और पूछना चाहिए कि उनकी मौत किन परिस्थितियों में हुई थी। सांसद किम लीबीटर योर्कशायर के बैटली और स्पेन से सांसद हैं। विदेश मंत्री अमांडा मिलिंग ने कहा कि मृतकों के अवशेषों की मांग को ब्रिटिश सरकार भी सपोर्ट करेगी। ब्रिटिश संसद में हुई इस चर्चा पर प्रतिक्रिया देते हुए वहां के भारतीय उच्चायोग ने कहा कि इस बारे में जानकारी ली गई है। हालांकि मृतकों के परिवारों ने अब तक इस बारे में संपर्क नहीं किया है। भारतीय उच्चायोग में प्रभारी विश्वेस नेगी ने कहा, जिस सांसद ने संसद में यह मुद्दा उठाया है उसने कभी उच्चायोग से संपर्क नहीं किया। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिवार ने भी इस तरह की सूचना या मांग नहीं की। सांसद ने अपने भाषण में कहा कि 2002 के दंगे में यूके के तीन नागरिकों और उनके भारतीय ड्राइवर की मौत हो गई थी। इन तीन नागरिकों में से दो दाऊद परिवार से थे और उनके क्षेत्र के रहने वाले थे। उन्होंने कहा कि 28 फरवरी को वे ताजमहल देखकर वापस आ रहे थे। जब वे गुजरात की सीमा में पहुंचे तो उनकी जीप को रोक लिया गया और भीड़ उनसे धर्म जानने की कोशिश करने लगी। उन्होंने जब बताया कि वे मुसलमान हैं तो भीड़ ने उनकी हत्या कर दी।

## हिजाब विवाद पर बोला पाकिस्तान तो ओवैसी ने दिखाया आईना, मलाला का जिक्र करते हुए कहा- इधर मत देखो

**लखनऊ। (एजेंसी)**



हिजाब को लेकर देश में चल रहे विवाद को लेकर पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान जबरदस्ताी बिन मांगे अपनी प्रतिक्रिया देने में लगा है। पहले तो इमरान सरकार ने मंत्री इमरान के चहेते मंत्री फवाद चौधरी ने सोशल मीडिया पर हिजाब विवाद को लेकर मोदी सरकार के खिलाफ अपना जहर उगला फिर हिजाब विवाद में इमरान खान सरकार के दूसरे मंत्री मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने कहा है कि हिजाब पहनने पर मुस्लिम लड़कियों को डराया जा रहा है। लेकिन अब असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान को आइना दिखाया है और चेतावनी भी दी है। ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान को हम याद दिलाना चाहेंगे कि मलाला को वापस बुलाओ और उसको सुरक्षा दो। तुम्हारे देश में तुमने मलाला को गोली मारी। उस बच्ची को बाहर जाकर अपनी तालीम पूरी करनी पड़ी और उसे बाद में नोबल पीस प्राइज मिला।

ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान को ये भी समझना चाहिए कि हमारे शिया भाईयों के ऊपर , बलूचियों के ऊपर, पाकिस्तान को अभी तक इस्लाम के बारे में सही मायने नहीं समझ में आए हैं। वो हमारे भारत के संविधान के बारे में मत बात करे। उनके संविधान में तो कोई गैर मुस्लिम न प्रधानमंत्री बन सकता है न राष्ट्रपति बन सकता है। पाकिस्तान अपने देश के मसलों की फिक्र करे। ओवैसी ने कहा कि हम पाकिस्तान के लोगों से कहेंगे कि इधर मत देखो, उधर ही देखो। ओवैसी ने कहा कि ये देश मेरा है, ये हमारे घर का मामला है। आप अपनी टांग या अपनी नाक मत अड़ाओ।

**क्या कहा था पाकिस्तान ने**

पाकिस्तानी मंत्री फवाद चौधरी ने ट्वीट करके कहा, 'मोदी के भारत में जो कुछ चल रहा है, वह डरावना है। भारतीय समाज अस्थिर नेतृत्व में सुपर स्पीड से पतन की ओर जा रहा है। हिजाब पहनना अन्य ड्रेस की तरह से एक निजी पसंद का मामला है। नागरिकों को मुक्त होकर अपने फैसले लेने का अधिकार दिया जाना चाहिए। अल्लाह हू अकबर। पाकिस्तान के मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने कहा है कि हिजाब पहनने पर मुस्लिम लड़कियों को डराया जा रहा है। कुरैशी ने कहा कि लड़कियों को शिक्षा के अधिकार से वंचित रखना गलत है। इमरान खान के मंत्री ने हिजाब विवाद में अपना बयान देते हुए कहा कि ये मुस्लिम महिलाओंके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है।

## अपनी ही सीट पर फंसे नवजोत सिद्धू बार-बार क्यों जा रहे वैष्णो देवी

**नई दिल्ली (एजेंसी)**

कांग्रेस की ओर से सीएम फेस के लिए रेस में रहे नवजोत सिंह सिद्धू अब अपनी ही सीट पर फंसे दिख रहे हैं। अमृतसर पूर्व सीट से चुनाव लड़ रहे नवजोत सिंह सिद्धू एक बार फिर से वैष्णो देवी की यात्रा पर निकल गए हैं। एक सप्ताह के भीतर यह वैष्णो देवी की उनकी दूसरी यात्रा है। 20 फरवरी को मतदान होना है और उससे पहले उनके वैष्णो देवी जाने को लेकर कहा जा रहा है कि हिंदू समुदाय को लुभाने के लिए वह ऐसा कर रहे हैं। दरअसल अकाली दल से यहां बिक्रम सिंह मजीठिया मुकाबले में उतरे हैं और कहा जा रहा है कि वह कड़ी टक्कर दे रहे हैं। अमृतसर ईस्ट सीट हिंदू बहुल है और सिद्धू के लिए चुनावी समर उतना आसान नहीं है, जितना समझा जा रहा था। एक तरफ नवजोत सिंह सिद्धू वैष्णो देवी की यात्रा पर निकले हैं तो उनकी पत्नी नवजोत कौर ने विधानसभा क्षेत्र में मोर्चा संभाल लिया है और पति के लिए वोट मांग रही हैं। वह यह कहते हुए वोट मांग रही हैं कि सिद्धू के पास पूरे राज्य की जिम्मेदारी है, इसलिए मैं आप लोगों के बीच हूं। उन्होंने दावा किया कि कई लोगों ने शिकायत की है कि मजीठिया के लोगों ने उनको धमकी दी है। इससे पहले 2 फरवरी को भी सिद्धू वैष्णो देवी पहुंचे थे। एक स्थानीय व्यक्ति ने कहा, 'इस सीट पर हिंदुओं की अच्छी खासी आबादी है। हर वोट मायने रख रहा है। शायद यही वजह है कि वह हिंदू समुदाय को लुभाने के लिए भी वैष्णो देवी जा रहे हैं। मजीठिया के साथ उनका मुकाबला कड़ा हो चुका है।

## कश्मीर में लौट रहे अच्छे दिन मोदी सरकार बोली- 610 प्रवासियों को लौटाई जमीन



**नई दिल्ली (एजेंसी)**

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में जानकारी दी कि 1980 के दशक के अंत और 1990 के दशक की शुरूआत में जम्मू-कश्मीर में फैले आतंकवाद के बाद कम से कम 610 कश्मीरी प्रवासियों को उनकी संपत्ति वापस दिलाई गई है। गृह राज्य मंत्री ने यह भी बताया कि 1,080 करोड़ रुपये खर्च करके प्रधानमंत्री विकास पैकेज-2015 के तहत कश्मीरी प्रवासियों के लिए 3,000 सरकारी नौकरियों की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि जम्मू और कश्मीर सरकार ने पैकेज के तहत 1,739 प्रवासियों को नियुक्त किया है और इसके अलावा 1,098 प्रवासियों का चयन किया गया है। एक प्रश्न के लिखित उत्तर में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने कहा, जम्मू-कश्मीर सरकार द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, पिछले 5 सालों में 610 प्रवासी आवेदकों की जमीनें उन्हें वापस दी गई हैं। मंत्रालय द्वारा दिए गए जवाब में कहा गया है कि जम्मू और कश्मीर प्रवासी अचल संपत्ति एक्ट 1997, के तहत जम्मू और कश्मीर में संबंधित जिले के जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) प्रवासियों की अचल संपत्तियों के कानूनी संरक्षक हैं। डीएम को ऐसी संपत्तियों के संरक्षण के लिए सभी कदम उठाने का अधिकार है। गृहराज्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने कश्मीरी प्रवासियों को घाटी में वापस लाने के लिए कई उपाय किए हैं। इन प्रयासों में कश्मीर घाटी में कश्मीरी प्रवासियों को घर उपलब्ध कराने के लिए 920 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर छह हजार घरों का निर्माण कराना भी शामिल है।

## कश्मीर हमारा है और हमारा ही रहेगा, कुछ इस अंदाज में भारत ने जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर पाक-चीन को दिया जवाब

**नयी दिल्ली (एजेंसी)**



चीन और पाकिस्तान की भारत संग तनातनी अब आम बात हो चुकी है। चीन और पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आता जिसकी वजह से भारत को भी मुंहतोड़ जवाब देना पड़ता है। भारत ने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे पर कड़ी आपत्ति जताई है जो जम्मू और कश्मीर के अवैध कब्जे वाले हिस्सों में प्रस्तावित है। भारत सरकार ने पाकिस्तान और चीन द्वारा जारी संयुक्त बयान में कश्मीर के मुद्दे पर कही बात को भी खारिज कर दिया है। ऐसे में कहना गलत नहीं होगा कि एक बार फिर से कश्मीर मसले पर चीन और पाकिस्तान की जुगलबंदी सामने आई है। आपको पहले बताते हैं कि चीन और पाकिस्तान ने अपने संयुक्त बयान में कश्मीर को लेकर क्या कहा था और उस पर भारत ने कैसे दोनों को करारा जवाब दिया है।

**कश्मीर पर चीन और पाकिस्तान की जुगलबंदी**

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान चीनी सरकार के निमंत्रण पर बीजिंग के दौरे पर पहुंचे और बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए थे। खान ने चीन के साथ रणनीतिक साझेदारी का हवाला देते हुए कहा कि उनका देश चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) की परियोजना के लिए प्रतिबद्ध है और कई क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करना जारी रखेगा। इसके साथ ही दोनों देशों ने एक संयुक्त बयान भी जारी किया था। 6 फरवरी को चीन और पाकिस्तान ने कहा था कि वे कश्मीर में ₹स्थिति को जटिल बनाने वाली किसी भी एकतरफा कार्रवाई₹ का विरोध करते हैं। संयुक्त बयान में कहा गया है कि पाकिस्तान ने इस विषय पर अपनी चिंताओं सहित जम्मू-कश्मीर की स्थिति पर चीन को जानकारी दी। चीनी पक्ष ने दोहराया कि कश्मीर मुद्दा इतिहास से बचा हुआ विवाद था, और इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर, प्रासंगिक सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों और द्विपक्षीय समझौतों के आधार पर उचित और शांतिपूर्ण ढंग से हल किया जाना चाहिए।

**भारत ने दिखाया आईना**

भारत के कड़े विरोध के बावजूद दोनों देश अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने मामले में बयान जारी किया है। इस बयान में उन्होंने छह फरवरी को चीन और पाकिस्तान की तरफ से जारी संयुक्त बयान और चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारे का उल्लेख किया है। भारत ने चीन और पाकिस्तान के संयुक्त बयान में जम्मू कश्मीर तथा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से गुजरने वाले एक आर्थिक गलियारे के जिक्र को बुधवार को दृढ़ता से खारिज किया और कहा कि क्षेत्र तथा केन्द्र शासित राज्य लद्दाख भारत के अभिन्न तथा अविभाज्य हिस्से 'रहे हैं, हैं और हमेशा रहेंगे। उन्होंने कहा कि भारत इस्लामाबाद के अवैध कब्जे वाले स्थानों पर 'अन्य देशों तथा पाकिस्तान द्वारा' यथा स्थिति को बदलने की किसी भी कोशिश का 'कड़ाई से विरोध' करता है। एक प्रश्न के उत्तर में बागची ने कहा कि भारत उम्मीद करता है कि भारत के आंतरिक मामलों में 'संबंधित पक्ष' हस्तक्षेप नहीं करें।

# हिजाब केस- अभी हम दखल क्यों दें, पहले हाईकोर्ट को फैसला करने दें : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)**

कर्नाटक में हिजाब विवाद के बवाल के बीचा गुरुवार को देश की शीर्ष अदालत में लगाई गई याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभी हम मामले में क्यों कूदें। पहले हाईकोर्ट को फैसला करने दें। इस मामले में वकील कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के लिए याचिका लगाई थी। उनकी दलील थी कि यह मामला अब पूरे देश में फैल रहा है। परीक्षाएं होने वाली हैं। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हो। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभी हाईकोर्ट को मामले की सुनवाई करने दीजिए। हम देखेंगे कि आगे क्या कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई के लिए आगे की तारीख देने से भी इनकार कर दिया है। कर्नाटक के शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पहनने से रोके जाने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर हाईकोर्ट की पूर्ण पीठ गुरुवार को सुनवाई करेगी। मुख्य न्यायाधीश रितु राज अवस्थी ने बुधवार रात को इस मामले की सुनवाई के लिए पूर्ण पीठ गठित की, जिसमें उनके अलावा जस्टिस कृष्ण एस दीक्षित और जस्टिस के जे मोहिउद्दीन शामिल हैं। इससे पहले, इस मामले की सुनवाई कर रहे कर्नाटक जस्टिस के जस्टिस दीक्षित की एकल पीठ ने इस मामले को मुख्य न्यायाधीश रितु राज अवस्थी के पास भेज दिया था। वहीं एकल न्यायाधीश ने कहा है कि मुख्य न्यायाधीश मामले पर गौर करने के लिए बड़ी पीठ के गठन का फैसला कर सकते हैं। वहीं, कर्नाटक सरकार की कैबिनेट ने हिजाब विवाद पर कोई भी फैसला लेने से पहले हाईकोर्ट के आदेश का इंतजार करने का निर्णय किया है। बता दें कि राज्य के उडुपी जिले के सरकारी महाविद्यालयों में पढ़ने वाली कुछ मुस्लिम लड़कियों ने हिजाब के साथ कक्षाओं में प्रवेश पर रोक के खिलाफ याचिका दायर की है। मामलों की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति कृष्णा एस दीक्षित ने कहा कि पर्सनल लॉ के कुछ पहलुओं के मद्देनजर ये मामले बुनियादी महत्व के कुछ संवैधानिक प्रश्नों को उठाते हैं।

### हिजाब विवाद: असम की महमूदा बन सकती हैं कर्नाटक की मुस्लिम लड़कियों का रोल मॉडल

गुवाहाटी । देश में हिसाब विवाद को लेकर उठे संग्राम के बीच पूर्वोत्तर राज्य असम की एक 15 वर्षीय लड़की महमूदा बेगम मुस्लिम लड़कियों के लिए रोल मॉडल बन सकती है। महमूदा असम के जूरिया हायर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ती है। 9वीं की स्टूडेंट महमूदा हर रोज हिजाब पहनकर स्कूल के गेट तक जाती है, लेकिन अंदर घुसने से पहले उसे उतारकर अपने बैग में रख लेती है। स्कूल खत्म होने पर बैग से हिजाब को निकालती है और पहनकर घर लौट आती है। 1948 में स्थापित जूरिया हायर सेकेंडरी स्कूल में महमूदा की तरह बाकी कई मुस्लिम लड़कियों का भी यही रूटीन है। वजह है, स्कूल के नियम। स्कूल के अंदर स्टूडेंट्स को निर्धारित यूनिफॉर्म के अलावा कुछ अलग ड्रेस पहनने की इजाजत नहीं है। चाहे वो मुस्लिम हों या हिंदू या किसी और धर्म को मानने वाले। एक रिपोर्ट के मुताबिक, महमूदा का कहना है कि अगर स्कूल में हिजाब पहनने की अनुमति दे दी जाए तो थोड़ी आसानी हो जाएगी, लेकिन वो ये भी कहती है कि नियम तो नियम हैं, टीचर्स ने कुछ सोचकर ही हिजाब और बाकी पारंपरिक पहनावे पर रोक लगाई होगी। असम के नागौन जिले में जूरिया में बंगाली मुसलमानों की अच्छी खासी तादाद है। यहां हिंदुओं की भी कई बस्तियां हैं। असम में स्थानीय और बाहरियों के बीच अरसे से चले आ रहे मतभेद के बीच लोगों को भी इन सामाजिक दूरियों के बारे में पता है, यही वजह है कि वो सामाजिक सद्भाव को कायम रखने के प्रति भी सतर्क रहते हैं। 15 साल की अशफियां सुल्तान भी महमूदा के साथ पढ़ती है। वो कहती है कि हिजाब हमारी पहचान का हिस्सा है। मैं घर में इसे पहनती हूं। परिवार में सभी महिलाएं ऐसा करती हैं। अगर हम लोग सड़क पर बिना हिजाब के निकल जाएं तो परिवार के लोग टोक देते हैं, लेकिन जब हम स्कूल जाते हैं तो वहां हमें ये पहनने की इजाजत नहीं है। कर्नाटक के हिजाब विवाद पर सुल्तान का कहना है कि मुझे इसके बारे में ज्यादा कुछ नहीं पता है, लेकिन ये अच्छी बात है कि लड़कियों ने अपने मन की बात कही है। करीब एक हजार स्टूडेंट्स वाले जूरिया हाई स्कूल के प्रिंसिपल रूपालिम सरमा ने कहा कि हम अपने स्कूल में ड्रेस कोड का सख्ती से पालन करवाते हैं। यह हिजाब, बुर्का पर भी लागू होता है और जींस या किसी और ड्रेस पर भी। हम स्कूल परिसर में इनकी इजाजत नहीं देते।



# बॉलीवुड में उभरा फैशन मॉडल आर्य

ज़िंदगी में तपिश कितनी भी हो, कभी हताश मत होना। क्योंकि धूप कितनी भी तेज़ हो, समुंदर सूखा नहीं करते। अभिनेता व मॉडल आर्य का जीवन भी समुंदर की तरह कभी ना सूखने वाला और गतिमान रहा है, जो कठिन परिस्थितियों में भी हताश नहीं हुए। चार साल पहले एक्टर बनने के लिए पानीपत के एक छोटे से गांव से मुंबई में कदम रखा था। 20 दिन तक कुली का काम किया। पुलिस वाले की प्रताड़ना झेलनी पड़ी लेकिन संघर्ष से पीछे नहीं हटे। आर्य कहते हैं कि तभी अचानक धर्मपाल नाम का व्यक्ति उनकी लाइफ में आया, जो एक तरह से मेरे लिए दूसरा जन्म था। वो अभिनेता संजय दत्त के यहां कुक थे। उन्होंने मेरी हिम्मत बढ़ाते पूरा साथ दिया। इंडस्ट्री से मेरी पहचान करवाई। मुझे ऑडीशन में जाने के लिए रोजाना 100 रुपये देते थे। मैंने कुछ धारावाहिक और प्रिंटशूट किये। कोलकाता की एक लड़की ने हेल्प की और मुझे इंटरनेशनल प्रोजेक्ट दिलवाती रही। इस बीच हरियाणा भी वापस आया और यहां हरियाणा राइस ब्रांड शुरू किया, जिसने मुझे आर्थिक मज़बूती दी। मेरे ब्रांड का राइस लैंथ वाला और बिना मिक्सिंग का है इसलिए पसंद किया जाने लगा, लेकिन मैंने बॉलीवुड से खुद को अलग नहीं किया। फैशन और हेल्थ से जुड़ी तीन मैगज़ीन्स को कवर कर रहा हूँ। फैशन डे क्लोथिंग कंपनी भी है मेरी। दो प्रोजेक्ट भी हाथ में हैं। संघर्ष करने वालों से कहना चाहता हूँ कि यूं ही नहीं जीता कछुआ खरगोश से, उसकी चाल धीमी थी लेकिन वो लगातार चलता रहा। लगातार चलोगे तो सफलता मिलेगी।

# लौट आया भारत के पहले डीजे अकबर सामी का जलवा

**12 फरवरी को टी-सीरीज पर रिलीज होगा डीजे अकबर सामी का गाना तू मेरी सेनोरिटा**

भारत के पहले डीजे संगीत के धुरंदर वापस आ गए हैं। डीजे अकबर सामी, जिन्होंने अपने रीमिक्स एल्बमों के साथ-साथ जलवा, जलवा 2 और जादू जैसे मूल और आशिक बनाया आपने, वांटेड, पार्टनर, भूल भुलैया जैसी फिल्मों में आधिकारिक सांस लेने वाले बॉलीवुड रीमिक्स की दिशा ही बदल दी। द ट्रेन, फ़ूल एन फ़ाइनल, हे बेबी, नमस्ते लंदन और सैकड़ों गाने हैं जिसमें डीजे अकबर सामी ने अपनी दमदार मिक्सिंग के टेलेंट से सबको एंटरटेन किया। और अब आपके लिए खास अकबर लेकर आ रहे हैं %तू मेरी सेनोरिटा%, जिसे %जय हो% की ग्रैमी विजेता गायिका तन्वी शाह के साथ उन्होंने मिलकर गाया हैं। और गाने को खुद कंपोज़ भी किया हैं।



हाल ही में दिग्गज म्यूजिक डायरेक्टर की जोड़ी सलीम -सुलेमान और बॉलीवुड के मशहूर कोरियोग्राफर लॉन्गिनस फर्नांडीस के हाथों सलीम-सुलेमान के अपने ब्लू प्रोडक्शंस हाउस में इस गाने का पोस्टर लांच किया गया। गाने पर डीजे अकबर कहते हैं कि ÷ यह वैलेंटाइन्स डे के लिए स्पेशल गीत है। जिसे चार भाषाओं (पंजाबी, स्पेनिश, हिंदी, अंग्रेजी) में गाया गया है। इसकी ऋदम मूल कैरिबियन के पॉपुलर डांस म्यूजिक जैसी हैं। वीडियो गोवा में मेरे पसंदीदा जगह शूट किया गया है, लंबे इंतजार के बाद इसे टी -सीरिज पर रिलीज किया जा रहा है, और मैं बहुत उत्साहित हूं ।


डीजे अकबर सामी, जिन्होंने रोअर टूर - यूएसए, द एम्पोरियम बीच फेस्टिवल - जापान , सूफीट्रोनिक में सलीम-सुलेमान और मेलोडी मेकर्स में सोनू निगम, जैसे दिग्गज संगीतकारों और गायकों के साथ कार्यक्रमों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दौरा कर चुके हैं।

डीजे अकबर सामी के अवार्ड्स की बात करे तो ये डीजे ऑफ द डिकेड अवार्ड सहित दुनिया भर में असंख्य पुरस्कारों के विजेता हैं। वह कई अन्य संगीत कार्यक्रमों के अलावा, पिछले पांच वर्षों से मिर्ची म्यूजिक अवार्ड्स के जजों में से एक हैं। डीजे अकबर सामी, संयोग से, सोनी पर इंडियन आइडल पर प्रतिभागियों के लिए संगीत डिजाइन करने और शो में लाइव प्रदर्शन करके सब पर अपनी छाप छोड़ चुके है। इतना ही नही ज़ी पर इतिहास रचने वाले सारे गामापा पर एक अतिथि कलाकार भी रह चुके हैं, बड़ी बात ये हैं कि अब तक कोई भी डीजे कभी भी टेलीविजन पर इस संगीत कार्यक्रम का हिस्सा नहीं रहा है।

उन्हें संयुक्त राज्य अमेरिका में पहले भारतीय डीजे में से एक के रूप में पहचाना जाता है और इसके लिए उन्हें सैन फ्रांसिस्को के मेयर द्वारा सम्मानित भी किया गया है।

अपने गढ़े हुए लुक के साथ-साथ संगीत पर अपनी महारत के लिए जाने जाने वाले, डीजे अकबर सामी ने फिल्म रिस्क एंड फास्ट फॉरवर्ड के लिए काम किया है, आन (मेन एट वर्क) फ़िर हेरा फेरी, आवारा पागल दीवाना के लिए एक साउंड डिज़ाइनर थे और उन्हें इसके लिए अच्छी सराहना भी मिली।

तू मेरी सेनोरिटा ये गीत पूरी तरह से अकबर सामी द्वारा रचित और गाया गया है, साथ ही तन्वी शाह द्वारा अतिरिक्त स्वर, हनी पाहवा द्वारा गीत और प्रीतम दत्ता द्वारा व्यवस्था / निर्माण, भास्कर सैकिया के साथ आर एंड बी स्टूडियो में रिकॉर्डिंग और वीडियो निर्देशित किया जा रहा है।




# फिल्म शमशेरा की रिलीज डेट तय, इस दिन देगी सिनेमाघरों में दस्तक

रणबीर कपूर, संजय दत्त और वाणी कपूर की फिल्म शमशेरा की रिलीज डेट तय हो गई। मेकर्स ने शुक्रवार को इस फिल्म का एक छोटा सा टीजर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी । यह फिल्म इसी साल 22 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

शमशेरा के इस टीजर में फिल्म की लीड कास्ट यानी संजय दत्त, वाणी कपूर और रणबीर कपूर नजर आ रहे हैं। यह फिल्म आजादी से पहले के समय के एक डकैत की कहानी है, जिसमें लीड किरदार रणबीर कपूर निभा रहे हैं।

वहीं सामने आये फिल्म के टीजर की शुरुआत संजय दत्त से होती है और बैकग्राउंड में संजय दत्त की आवाज में एक डायलॉग सुनाई देता है, जिसमें वह कहते हैं-ये कहानी हैं उसकी जो कहता था गुलामी किसी की अच्छी नहीं होती न गैरों की ना अपनों की! इसके बाद वाणी कपूर की झलक सामने आती हैं, जिसमें वह कहती हैं -ये कहानी हैं उसकी जिसे बाप की विरासत में आजादी का सपना मिला ! इसके बाद रणबीर कपूर की झलक सामने आती हैं, वह कहते हैं-लेकिन आजादी तुम्हें कोई देता नहीं हैं आजादी जीती जाती हैं कर्म से डकैत धर्म से मजहब! शमशेरा!

शमशेरा हिंदी के अलावा तमिल और तेलुगू भाषाओं में भी रिलीज की जाएगी। यशराज फिल्म्स के प्रॉडक्शन तले बनी इस फिल्म का डायरेक्शन करण मल्होत्रा ने किया है।

# भोजपुरी फिल्म 'कलाकंद' कि शूटिंग शुरू

निर्माता रत्नाकर कुमार की आगामी फिल्म कलाकंद का भव्य मुहूर्त बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में किया गया है और इसकी शूटिंग भी शुरू कर दी गई है।

वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स प्रस्तुत कलाकंद के सह-निर्माता कुलदीप श्रीवास्तव हैं। कलाकंद की कहानी और निर्देशन संतोष मिश्रा कर रहे हैं। दिल को छू लेने वाला संगीत आर्य शर्मा ने तैयार किया है। इसमें केंद्रीय भूमिका में जुबली स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ, अभिनेत्री आम्रपाली दुबे और अदाकारा नीलम गिरी नजर आने वाली हैं। आम्रपाली और निरहुआ की जोड़ी को भोजपुरी सिनेमा के दर्शक बेहद पसंद करते हैं। और इस बार इनके साथ अभिनेत्री नीलम गिरी भी नजर आने वाली हैं। इनके अलावा फिल्म में सुशील सिंह, रीना रानी, संजय पांडेय, नीलम वशिष्ठ, संतोष पहलवान, रचना यादव सहित कई कलाकार सशक्त भूमिका में नजर आने वाले हैं।

**फिल्म में निरहुआ, आम्रपाली और नीलम की तिकड़ी**

इस फिल्म की पूरी शूटिंग उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों एवं रमणीय स्थलों पर भव्य पैमाने पर की जाएगी। फिल्म कलाकंद संपूर्ण पारिवारिक एवं फुल एंटरटेनिंग है, जो हर वर्ग के दर्शकों को ध्यान में रखकर बनाई जा रही है। वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स एक बार फिर से एक नए कलेवर लेकर आ रही है। कंपनी हर बार की तरह इस बार भी एक जबरदस्त, शानदार, जानदार कहानी लेकर आ रही हैं। जो भोजपुरिया दर्शकों के दिलो-दिमाग पर छा जाने वाली है। फिल्म को लेकर सभी उत्साहित नजर आ रहे हैं।

फिल्म के निर्माता रत्नाकर कुमार ने बताया कि बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की पूजा आराधना की जाती है। इस अवसर पर बसंती मौसम में फिल्म की शूटिंग करने का अपना ही एक अलग सा मजा है।



# काजोल ने शुरू की फिल्म सलाम वेंकी की शूटिंग

फिल्म अभिनेत्री काजोल ने शुक्रवार से अपनी नई फिल्म सलाम वेंकीकी शूटिंग शुरु कर दी है। काजोल के शानदार अभिनय से सजी इस फिल्म का निर्देशन दिग्गज अभिनेत्री -निर्देशक रेवती करेंगी। एक ही किरदार निभाते नजर आएंगी। इस फिल्म को लेकर काजोल और रेवती दोनों काफी उत्साहित हैं। फ़िलहाल फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी अभी सामने नहीं आई है, लेकिन इतना जरूर है कि यह एक




सच्ची कहानी और वास्तविक पात्रों से प्रेरित फिल्म सलाम वेंकी एक अनुकरणीय मां सुजाता के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसने सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का मुस्कराते हुए सामना किया। फिल्म में काजोल सुजाता का प्रेरणादायक और दिल छू लेने वाली कहानी होगी। ब्लाइव प्रोडक्शंस और टेक 23 स्टूडियो प्रोडक्शन के बैनर तले सूरज सिंह और श्रद्धा अग्रवाल द्वारा निर्मित इस फिल्म की कहानी समीर अरोड़ा द्वारा लिखित है।

# आशी सिंह ने अपनी तुलना आलिया भट्ट से की

मीत की अभिनेत्री आशी सिंह का मानना है कि बहुमुखी और चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाने की बात आती है तो उनकी यात्रा लोकप्रिय बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट से मिलती-जुलती है। आशी ने उल्लेख किया कि मेरा मानना है कि मैंने अपने करियर की शुरूआत से ही अपने पात्रों को चुनते समय हमेशा जोखिम उठाया है और इसलिए मैं आलिया भट्ट से बहुत संबंधित हूं क्योंकि उन्होंने अपनी पसंद की भूमिकाओं के साथ भी प्रयोग किया है। हाईवे, उड़ता पंजाब, राजी आदि फिल्मों में अपने पात्रों को चुनने के मामले में वह अपनी पूरी यात्रा में एक बहुमुखी अभिनेत्री रही हैं। मैंने भी हमेशा यही कोशिश की है। आशी को शो में मीत हुड्डा के रूप में देखा जा रहा है, जो काम और अन्य जिम्मेदारियों से संबंधित लैंगिक भूमिकाओं के सभी सामाजिक मानदंडों को तोड़ने के लिए तैयार है। अभिनेत्री का कहना है कि किसी भी भूमिका को करते समय उसके लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उसे यथार्थवादी और प्रभावशाली दिखाना है। वह आगे कहती हैं कि मैं हमेशा विभिन्न प्रकार की भूमिकाओं को करने के लिए बहुत उत्साहित रहती हूं। कई बार मुझे यकीन नहीं होता है कि यह काम करेगा या नहीं, या यह परदे पर कैसा दिखेगा, लेकिन मुझे बस इतना पता है कि मैं अभिनय करना चाहती थी और मैं जो कुछ भी करती हूं उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देती हूं। मेरा मानना है कि मेरे लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि मैं इस किरदार से प्यार करूं, यह जानूं कि इसके लिए क्या आवश्यक है। मीत जी टीवी पर प्रसारित होता है।

# सिंगर बिश्वजीत घोष के नए गानों में नजर आएंगी अदा खान, आशी सिंह, सोनारिका भदौरिया

गायक बिश्वजीत घोष 2022 में अपनी परियोजनाओं से दिल जीतने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। गायक प्रत्येक में एक अलग किरदार निभाएंगे और प्रशंसकों को तीन प्रेम कहानियों से रूबरू कराया जाएगा। हालाँकि गानों के नाम अभी भी गुप्त हैं, लेकिन उनके प्रशंसकों में परियोजनाओं को लेकर उत्साह देखा जा सकता है। उनके अगले तीन गाने अलग-अलग जॉनर के हैं, जिनमें अदा खान, आशी सिंह और सोनारिका भदौरिया दिखाई देंगी। एक गायक के रूप में अपनी यात्रा के बारे में बात करते हुए, बिश्वजीत कहते हैं, हर गाने में एक अलग तरह का आकर्षण और भावनात्मक संबंध है। चाहे वह एक उदास कहानी हो या सच्चे प्यार का जश्न, मुझे लगता है कि एक गायक के लिए दिल को सही ढंग से छूना सबसे महत्वपूर्ण बात है। इससे मुझे अपने प्रशंसकों के करीब आने और उनके साथ जुड़े रहने में मदद मिलती है। दर्शकों से अपार प्यार पाकर मैं खुद को धन्य महसूस करता हूं और यह मुझे आगे बढ़ने में मदद करता है। प्रत्येक गीत बिश्वजीत और अभिनेत्रियों की अलग-अलग कहानियों को चित्रित करेगा। पहला ट्रैक सेड सॉन्ग है। इसमें आशी सिंह है, जिन्हें ये उन दिनों की बात है में मुख्य भूमिका निभाने के लिए जाना जाता है। दूसरे ट्रैक में सोनारिका भदौरिया होंगी जो मुख्य रूप से हिंदी टेलीविजन और तेलुगु फिल्मों में दिखाई देती हैं।



## कर्नाटक हिज़ाब विवाद

# कंगना रनौत के पोस्ट पर शबाना आजमी का पलटवार



देश में इन दिनों हिजाब को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। कर्नाटक में हिजाब को लेकर शुरू हुआ विवाद अब दिन पर दिन व्यापक रूप लेता जा रहा है। राजनेता से लेकर कई बॉलीवुड सेलिब्रिटीज़ इसपर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। हाल ही में इस मुद्दे पर अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपनी प्रतिक्रिया दी थी। कंगना ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर ऑथर आनंद रंगानाथन के पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा, अगर हिम्मत है तो अफगानिस्तान में बुर्का न पहन कर दिखाओ। आजाद रहना सीखो न की पिंजरे में कैद होना।

वहीं अब कंगना के इस पोस्ट को लेकर दिग्गज फिल्म अभिनेत्री शबाना आजमी ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। शबाना आजमी ने कंगना के इस पोस्ट को अपने इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए लिखा-अगर मैं गलत हूं तो मुझे सही करें। अफगानिस्तान एक धार्मिक राज्य है और जब मैंने आखिरी बार चेक किया था तो भारत एक धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक गणराज्य था?

शबाना आजमी का यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। गौरतलब है, बीते दिन गीतकार जावेद अख्तर ने हिजाब को लेकर उठे विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए ट्वीट किया था-मैं कभी भी हिजाब या बुर्का के पक्ष में नहीं रहा। मैं अब भी उस पर कायम हूं, लेकिन साथ ही मेरे मन में इन गुंडों की भीड़ के लिए गहरी नाराजगी के अलावा और कुछ नहीं है, जो लड़कियों के एक छोटे समूह को डराने-धमकाने की कोशिश कर रहे हैं। क्या ये उनके हिसाब से मर्दानगी है। ये अफसोसजनक है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले इस मुद्दे पर अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ,हेमा मालिनी और स्वरा भास्कर भी अपनी राय रख चुकी हैं।



# इटावा में ब्राह्मण समाज की मीटिंग में उनसे कमल के फूल पर मतदान करने की अपील की

संवाददाता



लखनऊ। इटावा की सदर विधायक का श्रीमती सरिता भदौरिया के चुनाव प्रचार हेतु आज इटावा में ब्राह्मण समाज की मीटिंग में उनसे कमल के फूल पर मतदान करने की अपील की। डॉ राजीव लोचन शुक्ला राष्ट्रीय महासचिव राष्ट्रीय युवा वाहिनी ने सबसे अपील कर कहा यह मतदान पूरे प्रदेश में योगी जी को मजबूती प्रदान करने के लिए आपको सिर्फयोगी जी का नेतृत्व देखना है प्रदेश में कोई भी प्रत्याशी हो उससे कोई भी गिला शिकवा हो उसको दूर कर सिर्फ और सिर्फ मतदान के दिन कमल के फूल पर बटन दबाकर पुन: उत्तर प्रदेश में भयमुक्त गुंडा मुक्त परिवार वादी सरकारों से मुक्त होकर एक मजबूत सुशासन को उत्तर प्रदेश में लाना है जिससे हमारा प्रदेश भारतवर्ष में उत्तर प्रदेश के नाम से जान आ जाए इस चुनाव में आपको विदेशी ताकतों को हराकर माननीय मोदी जी और योगी जी को मजबूत करना है अतुल राजपूत ने सभी से चुनाव में एकजुट होकर प्रथम मतदान फिर जलपान का नारा दिया लोकसभा में श्री कृपा शंकर द्विवेदी जी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ब्राह्मण सभा नई दिल्ली मिर्जापुर ने भी सभी का मतदान में सहयोग करने का कहा दीपक दुबे निधि सबके सहयोग का वचन दिया और चुनाव में उपस्थित सभी लोगों ने कमल के फूल पर वोट डालने का आश्वासन दिया।

## अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने कहा अंत्योदय के लक्ष्य के साथ करेंगे पश्चिम विधान सभा का विकास

लखनऊ। राजधानी लखनऊ पश्चिम विधानसभा भाजपा अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर चुनाव कार्यालय पर दीनदयाल के चित्र पर पुष्पांजलि कर लेबर कॉलोनी वार्ड सी ब्लॉक से जनसंपर्क प्रारंभ किया। बुद्धेश्वर स्थित आर डी मेमोरियल इंटर कॉलेज की प्रबंधिका नीलम बाजपेई व प्रधानाध्यापिका तारा यादव ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। प्रत्याशी ने संबोधित करते हुए कहा पंडित दीनदयाल राजकीय महाविद्यालय में बेटियों की उच्च शिक्षा के लिए बी0एड एवं अन्य तकनीकी शिक्षा से संबंधित रोजगार परक पाठ्यक्रमों को प्रारंभ करवाएंगे। ठाकुरगंज स्थित लखनऊ चिकनकारी हैंडीक्राफ्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल, महामंत्री शैलेंद्र टंडन व अन्य व्यापारियों ने अपना समर्थन पश्चिम विधानसभा में भाजपा को दिया। इसी क्रम में राजाजीपुरम वार्ड के पार्षद राजीव कृष्ण त्रिपाठी द्वारा प्रबुद्ध जनों की बैठक की गई जिसमें प्रत्याशी ने कहा की दीनदयाल जी के अंतोदय के लक्ष्य को पश्चिम विधानसभा के धरातल पर लाने का प्रयास करेंगे। इसके पश्चात आलम नगर वार्ड पारा में जनसंपर्क किया। सह मीडिया प्रभारी ऋषि शर्मा ने बताया कार्यक्रम में मुख्य रूप से अरविंद मिश्रा, राजेश मालवीय, राजीव कृष्ण त्रिपाठी, रेखा सिंह, नागेंद्र सिंह राजवीर सिंह, शिवेंद्र कुमार, विक्की सिंह, अभय उपाध्याय, आशीष शर्मा दीपराज सिंह व अन्य सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मलिहाबाद के भदेसर मऊ में हरे आम के पेड़ों पर चला आरा

प्रफुल्ल कुमार राय



मलिहाबाद, लखनऊ। मलिहाबाद फलपट्टी क्षेत्र के भदेसर मऊ गांव के निकट नहर के किनारे दस आम के पेड़ों पर आरा चला दिया गया। बता दें कि मलिहाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत भदेसर मऊ गांव के निकट नहर के किनारे लगभग 10 आम के हरे पेड़ों पर ठेकों द्वारा आरा चलाकर काट दिया गया। वन विभाग एवं मलिहाबाद पुलिस की मिलीभगत से लकड़ी ठेकेदारों के हौसले आसमान छू रहे हैं। वहीं चिंता की बात यह है कि वन विभाग व उद्यान विभाग हरे पेड़ों को काटने की अनुमति जारी कर रहे हैं। पिछले एक साल के भीतर फलपट्टी क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सैकड़ों बीघा बाग काटे जा चुके हैं। तथा क्षेत्र में अफसरों की लाख कोशिशों के बावजूद भी हरे भरे वृक्षों का कटान थमने का नाम नहीं ले रहा है। बता दें कि बेखौफ लकड़कट्टे हरियाली पर खुलेआम आरा-कुल्हाड़ी चलाने से बाज नही आ रहें हैं। मलिहाबाद व माल कस्बे में आये दिन ट्रैक्टर ट्राली पर लकड़ी के बोटे लदे वाहन धड़ल्ले से कस्बे में फर्राटा भरते नजर आते रहे हैं। बता दें कि एक तरफ सूबे की सरकार वृक्ष लगाओ हरियाली लाओ के कवायद में लाखों रूपये खर्च कर पौधरोपण करवा रही है। गांव गांव में पौधरोपण अभियान के तहत जनजागरूकता कर वृक्ष लगाने को प्रेरित किया जा रहा है। सरकार को इस पर कड़े कानून बनाने चाहिए जिससे की हरियाली को कोई भी कुल्हाड़ी व आरा ना लगा सके।

क्या बोले जिम्मेदार

मलिहाबाद वन विभाग रेंजर विकास सक्सेना ने बताया कि जांच करवाकर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। श्री सक्सेना ने कहा कि भदेसर मऊ गांव में किसी का परमिशन नहीं था कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो

संवाददाता



लखनऊ। डॉ राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय अल्लीपुर हरदोई में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंय सेवको द्वारा स्वीप कार्यक्रम-2022 के अंतर्गत मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया ।

संयोजक डा. एस.एस.त्रिवेदी ने बताया इसके अंतर्गत महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को मतदाता बनने के लिए व मतदान करने के लिए जागरूक किया गया और अपने आस-पड़ोस 18 वर्ष से ऊपर के बालक बालिकाओं के नाम विभिन्न प्रारूपों के माध्यम से सम्मिलित करने नाम में संशोधन करने तथा सूची से नाम हटवाने के बारे में जानकारी दी गई इस अवसर पर डॉ शशिकांत पांडे ने कहा कि भारत लोकतांत्रिक गणराज्य है यहां पर सभी व्यक्तियों को अपना प्रतिनिधि चुनने की स्वतंत्रता है जो व्यक्ति 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लेते हैं वह मतदान में भाग ले सकते है व अपने इच्छा अनुरूप अपने प्रतिनिधि का चुनाव कर सकते हैं तथा वह छात्र जो 18 वर्ष से ऊपर ऊपर के हैं तथा अभी तक उनका सूची में नाम सम्मिलित नहीं है वह प्रारूप 6 के माध्यम से अपना नाम सूची में सम्मिलित करा सकते हैं बूथ पर जाकर निर्वाचन कार्ड या आधार कार्ड के माध्यम से अपना मतदान कर सकते हैं इस अवसर पर जपनीत सिंह ने ने कहा कि मतदान के माध्यम से हम अपने इच्छा अनुरूप प्रतिनिधि को चुन सकते हैं और उसके आधार पर हम अपनी मनचाही सरकार बना सकते हैं इसके पश्चात डॉ रश्मि द्विवेदी ने कहा कि जो छात्र-छात्राएं 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं और उनका नाम सूची में सम्मिलित है वह अपना मतदान अवश्य करें । प्राचार्य डा. अर्चना पाण्डेय ने सभी छात्र छात्राओं ने सामूहिक रूप से विद्यालय प्रांगण के साथ शपथ ली की ष्हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्य रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, जाति, भाषा, समुदाय आदि से बिना प्रभावित हुए सभी निर्वाचनो में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे । ष् सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दोष् इस अवसर पर मोनी सिंह, मेघा ,किरन, सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सपा नेता विवेक मिश्र के नेतृत्व में ब्राह्मणों का समूह भाजपा में शामिल



राधा गुप्ता

हरदोई। भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर सवायजपुर विधानसभा में प्रमुख ब्राह्मणों ने पूर्व प्रधान नेवादा, सपा नेता और व्यवसाई विवेक मिश्र के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। भाजपा के प्रदेश आजीवन निधि के संयोजक अशोक अग्रवाल ने सभी को पटका पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर विधायक सवायजपुर श्री माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने कहा कि भाजपा की नीति सबके साथ और सम्मान की है। मैने क्षेत्र में सदा विकास और सम्मान की राजनीति की है। हरपालपुर की सड़कें, बिजली, कृषि कल्याण केन्द्र से लेकर अस्पताल यह सब हमारी विकासवादी सोच का ही परिणाम है। आज दिनेश शुक्ला रोशनपुर, मदन पाण्डेय सवायजपुर, ज्ञानेश शुक्ला प्रधान प्रतिनिधि घटकना, नेकराम जाटव प्रधान नगरा दाराशह, संतोष शुक्ला ,आशीष शुक्ला, राकेश शुक्ला समेत दर्जनों ब्राह्मणों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

## बीकेटी के कई गांवों में किया जनसंपर्क, मांगे वोट

कुलदीप त्यागी

बक्शी का तालाब, लखनऊ। लखनऊ की बक्शी का तालाब विधानसभा 169 क्षेत्र के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी बीकेटी प्रत्याशी योगेश शुक्ला द्वारा कई गांवों में जनसंपर्क किया गया। बता दें कि बीकेटी क्षेत्र के अकड़रिया कलां, सरावां, भीखमपुर, अंबरपुर, हिम्मतपुर, महिगवां, बरगदी, गुलालपुर, शाहपुर कुनौरा, रानीपुरवा, सहित कई गांवों में भाजपा प्रत्याशी योगेश शुक्ला व भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क किया एवं महिलाओं बुजुर्गों व नौजवानों से वोट मांगे व गांव के लोगों ने योगेश शुक्ला को जीतने की बधाई दी। श्री शुक्ला ने बताया कि उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में विकास किया है भ्रष्टाचारियों माफियाओं को सलाखों के पीछे भेजने का काम किया है। कहा कि बीकेटी क्षेत्र के हर गांव में मुझे समर्थन मिल रहा है लोगों में भारतीय जनता पार्टी को लेकर उत्साह एवं प्यार दिखाई देता है लोग मुझमें मोदी और योगी का चेहरा देखते हैं मैं बीकेटी के विकास के लिए दिन-रात काम करूंगा। इस दौरान साथ में योगेश शुक्ला, अरुण सिंह गप्पू, अतुल मिश्रा,रवि तिवारी, सुदर्शन यादव, दीपक शुक्ला तिरंगा, ज्योति श्रीवास्तव, संदीप सिंह, रामेंद्र सिंह, उमेश सिंह , अजय सिंह, राज कुमार सिंह, राजू कश्यप ,कमल अवस्थी, सुधाकर अवस्थी, अनुराग अवस्थी, प्रिंस द्विवेदी गोलू, राजेंद्र लोधी, राकेश लोधी, अनुराग सिंह अनुज, सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहें।

### सेंट क्लेयर कान्वेंट स्कूल में लगेगा निशुल्क वैक्सीनेशन शिविर

लखनऊ। हरदोई रोड स्थित सेंट क्लेयर्स कान्वेंट स्कूल में 12 फरवरी को प्रात: 10.00 बजे से 3.00 बजे तक निरूशुल्क वैक्सीनेशन कैंप लगेगा (2दक क्रेम)। कोविड-19 वैक्सीनेशन सेंटर का स्लोगन है चलो वैक्सीन लगवाएं के तहत फ्री वैक्सीनेशन कैंप में 15 से 18 वर्ष के बच्चों का वैक्सीनेशन किया जाएगा। सेंट क्लेयर्स कान्वेंट स्कूल में अधिकांश छात्र छात्राएं 15 से 18 वर्ष के ही हैं जिनका 12 फरवरी शनिवार को वैक्सीनेशन किया जाएगा। इलाके के अन्य बच्चे भी वैक्सीन लगवा सकते हैं, साथ में आधार कार्ड और मोबाइल लेकर आना होगा। उक्त जानकारी विद्यालय की प्रधानाचार्य सिस्टर विनीता जोजफ ने दी।

### सपा प्रत्याशी गोमती यादव ने किया जनसंपर्क, मांगे वोट

लखनऊ। लखनऊ की बक्शी का तालाब विधानसभा 169 क्षेत्र के अंतर्गत समाजवादी पार्टी प्रत्याशी गोमती यादव ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क किया। बता दें कि समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी गोमती यादव व समाजवादी कार्यकर्ताओं ने जानकीपुरम सेक्टर 6 व भवानी बाजार, इटौंजा मार्केट, अर्जुनपुर, सहित कई गांवों व कस्बा में जनसंपर्क कर लोगों से वोट व समर्थन मांगा। इस दौरान गोमती यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी सरकार बनने जा रही है।

### छ: माह के लिए किया गया जिला बदर

इटौंजा लखनऊ। लखनऊ अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन अमरपाल सिंह के आदेश द्वारा बउवा उर्फ कृत्तिराज शुक्ला व रमन शुक्ला उर्फ ऋतुराज शुक्ला एवं पवन शुक्ला उर्फ युवराज शुक्ला पुत्र राम शंकर शुक्ला उर्फ गुडानी को निवासी ग्राम जमखनवां थाना इटौंजा को गुंडा नियंत्रण अधिनियम 1970 की धारा 3/4 में दिये गये प्रावधानों के अंतर्गत छ: माह के लिये जिला बदर किया जाता हैं। लखनऊ प्रशासन के आदेश अनुसार किसी न्यायालय में चल रहे किसी वाद में नियमित तिथि को प्रभावी नहीं होगा। अभियुक्त अपने निवास के संबंध में स्थानीय थाना तथा वर्तमान निवास के थाने को सूचित करेगा। आदेश की एक प्रति पुलिस अधीक्षक लखनऊ ग्रामीण एवं इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की गई।

# 100% गठबंधन के पक्ष में करें मतदान प्रासपा नगर अध्यक्ष: मुर्तजा अली

## प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया की नगर इकाई ने जागरूकता अभियान चलाया

संवाददाता



लखनऊ। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया की नगर इकाई द्वारा 100% मतदान करने को लेकर चलाये जा रहे अभियान को लेकर कल नगर कार्यालय पर नगर अध्यक्ष मुर्तुजा अली के अध्यक्षता में धर्म गुरुओं की बैठक की गयी जिसमें भारी तादाद में धर्म गुरुओं शिक्षण संस्थाओं से जुड़े लोगों के अलावा जिम्मेदार शहरियों ने भाग लिया । बैठक की शुरुआत क़ुरआन की तिलावत और उसके अनुवाद से क़ारी अशफाक अहमद नदवी ने की।वोटों की अहमियत के बारे में शेख़ महफ़ूज उर रहमान साहब ने तफसील से चर्चा की । बैठक को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष मुर्तजा अली ने सभी से अपील की कि वह अपने इलाक़े के लोगों को 23फरवरी को होने वाले चुनाव में अधिक से अधिक मतदान कराने हेतु लोगों को जागरूक करें । मुर्तजा अली ने कहा कि अगर सभी अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं करेंगे तो गलत उम्मीदवार चुनाव जीत कर आप पर हुक़ूमत करेंगे । बैठक को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष मुर्तजा अली में सभी से गठबंधन की सरकार को वोट देने की अपील की । इस बैठक में मुख्य रूप से इसके प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता बदरुल हसन, जनाब खालिद इस्लाम , मोहम्मद मुस्तकीम, राशिद अली, युसूफ, जमीर अहमद, इंतजार अहमद, मोहम्मद इमरान ,अब्दुल्लाह अब्दुल अजीज, जियाउल हसन,बजनी यूनुस, मोहम्मद रईस, हजबुल्लाह, मोहम्मद रफीक, एवं हाफिज अब्दुल अली, मौलाना मोहम्मद स्वालेह, मौलाना शोएब नदवी, मौलाना अशफाक नदवी, मौलाना अलाउद्दीन कासमी, मौलाना अलीमुद्दीन नदवी, मौलाना तौकीर नदवी, हाफिज मोहम्मद रफीक, मौलाना मोहम्मद साकिब, हाफिज अमानुल्लाह ,मौलाना मोहम्मद इदरीश, मोहम्मद सईद, हाफिज फखरुद्दीन ,कारी कमरुद्दीन, कारी मोहम्मद जाकिर ,मौलाना सुफियान, मौलाना उस्मान मुमताज ,मौलाना खालिद नदवी, मौलाना मोहम्मद कारी, अबुजा, हाफिज मोहम्मद जुबेर, कारी रोशन, हाफिज मुरसलीन ,हाफि जुर रहमान ,मोहम्मद तालहाह , मौलाना अकील, हाफिज कल खुश जमा, मौलाना मुफ्ती जुबेर नदवी, हाफिज अब्दुल गफ्फार ,मोहम्मद उमर, मोहम्मद सलमान नदवी, मौलाना जहूर अहमद कासमी, मौलाना मोहम्मद यूनुस नदवी, मौलाना मोहम्मद सिद्दीक नदवी, हाफिज मोहम्मद जुनेद, हाफिज मोहम्मद असलम ,हाफिज मोहम्मद शफीक, हाफिज मोहम्मद रेहान, मदरसा चांदन, हाफिज मौलाना जहांगीर साहब आदि शामिल रहे।

# पंडित दीनदयाल एक सच्चे देशभक्त, विचारक और नि:स्वार्थ सेवा के प्रतीक थे: प्रकाश पाल

संवाददाता



हरदोई। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी प्रकाश पाल और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राजाबक्स सिंह ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे स्व. पंडित दीनदयाल की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। जिला प्रभारी ने पुण्यतिथि पर पंडित दीनदयाल को याद करते हुए कहा कि भाजपा आज के दिन को समर्पण दिवस के रूप में मनाती है। एक सच्चे देशभक्त, गहन विचारक और निस्वार्थ सेवा के प्रतीक थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानवतावाद और अंत्योदय के सिद्धांतों ने भारतीय जनता पार्टी को को देश तथा वंचितों की सेवा करने के लिए प्रेरित किया और वह सभी के लिए एक मार्गदर्शक शक्ति बने रहेंगे। इस मौके पर राजाबक्श सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपने को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीबो के कल्याण कर अनेक योजनाओ एवं कार्यक्रमां के माध्यम से साकार कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री के अंत्योदय के लक्ष्य के आधार पर नये भारत के संकल्प का ही परिणाम है कि गांव, गरीब एवं किसान के जीवन में निरंतर बदलाव आ रहा है और देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। जिला महामंत्री अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि पण्डित दीनदयाल उपाध्याय महान चिन्तक, संगठनकर्ता एवं भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष रहते हुए आपने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत किया। महामंत्री अनुराग मिश्र ने कहा आज उनकी एकात्म मानववाद की प्रगतिशील विचारधारा देश के विकास में बहुत काम आ रही है। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक जिला कार्यालय मंत्री अतुल सिंह किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष विश्वराज सिंह सत्यम शुक्ला हर्षित आदि मौजूद रहे।

# बीकेटी के कई गांवों में किया जनसंपर्क, मांगे वोट

संवाददाता



बक्शी का तालाब, लखनऊ। लखनऊ की बक्शी का तालाब विधानसभा 169 क्षेत्र के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी बीकेटी प्रत्याशी योगेश शुक्ला द्वारा कई गांवों में जनसंपर्क किया गया। बता दें कि बीकेटी क्षेत्र के अकड़रिया कलां, सरावां, भीखमपुर, अंबरपुर, हिम्मतपुर, महिगवां, बरगदी, गुलालपुर, शाहपुर कुनौरा, रानीपुरवा, सहित कई गांवों में भाजपा प्रत्याशी योगेश शुक्ला व भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क किया एवं महिलाओं बुजुर्गों व नौजवानों से वोट मांगे व गांव के लोगों ने योगेश शुक्ला को जीतने की बधाई दी। श्री शुक्ला ने बताया कि उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में विकास किया है भ्रष्टाचारियों माफियाओं को सलाखों के पीछे भेजने का काम किया है। कहा कि बीकेटी क्षेत्र के हर गांव में मुझे समर्थन मिल रहा है लोगों में भारतीय जनता पार्टी को लेकर उत्साह एवं प्यार दिखाई देता है लोग मुझमें मोदी और योगी का चेहरा देखते हैं मैं बीकेटी के विकास के लिए दिन-रात काम करूंगा। इस दौरान साथ में योगेश शुक्ला, अरुण सिंह गप्पू, अतुल मिश्रा,रवि तिवारी, सुदर्शन यादव, दीपक शुक्ला तिरंगा, ज्योति श्रीवास्तव, संदीप सिंह, रामेंद्र सिंह, उमेश सिंह , अजय सिंह, राज कुमार सिंह, राजू कश्यप ,कमल अवस्थी, सुधाकर अवस्थी, अनुराग अवस्थी, प्रिंस द्विवेदी गोलू, राजेंद्र लोधी, राकेश लोधी, अनुराग सिंह अनुज, सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## मनकापुर के प्रबुद्ध सम्मेलन में शामिल हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय युवा वाहिनी हिन्दू देव प्रकाश शुक्ला

संवाददाता



लखनऊ। गोंडा जनपद में 300 मनकापुर विधानसभा में भाजपा के प्रबुद्ध सम्मेलन में प्रत्याशी कैबिनेट मंत्री रमापति राम शास्त्री के समर्थन में मुख्य अतिथि के रूप में शिव प्रताप शुक्ला पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सदस्य भारत सरकार एवं गोंडा के लोकप्रिय सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया, भाजपा के जिला अध्यक्ष एवं अन्य कई मंत्री उपस्थित रहे । रात में राष्ट्रीय युवा वाहिनी युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिंदू देव प्रकाश शुक्ला राष्ट्रीय महासचिव डॉ राजीव लोचन शुक्ला प्रदेश सचिव अमित शुक्ला उत्तर प्रदेश निजी सचिव अतुल राजपूत उपस्थिति रहे । रमापति शास्त्री जी को प्रचंड बहुमत से जिताए और उत्तर प्रदेश को भयमुक्त गुंडा मुक्त प्रदेश बनाने के लिए राष्ट्रीय युवा वाहिनी शंखनाद निरंतर पूरे उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के समर्थन में अन्य कई कार्यक्रम गोंडा में गोंडा सदर प्रतीक भूषण शरण सिंह के समर्थन में गोंडा में कार्यक्रम फिर गोंडा से सीधा अयोध्या के लिए प्रस्थान किया गया।

# तहसील शाहाबाद के ग्राम पंचायत मंसूरनगर के पंचायत भवन में हुआ लीगल एड क्लीनिक का शुभारंभ

संवाददाता



शाहाबाद। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के थीम सॉंग ष्न्याय चला निर्धन से मिलनेष् के उद्देश्य से तथा मा.उ. प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा निर्देशन में एवं जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई श्री सुरेन्द्र सिंह- । के आदेशानुसार एवं माननीया अलका पाण्डे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में ग्राम पंचायत मंसूरनगर विकास खण्ड पिहानी के पंचायत भवन में स्थापित किये गये लीगल एड क्लीनिक का खण्ड विकास अधिकारी ने फीता काट कर उद्घाटन कया। खण्ड विकास अधिकारी ने कहा कि लीगल एड क्लीनिक खुलने से लोगों को अब जिला मुख्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। अब कोर्ट व थानों से संबंधित कानूनी लीगल सुझाब दिए जा सकेंगे। लीगल एड क्लीनिक मोहम्मद शाजेब सिद्दीकी ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की स्थापना ही इसलिए हुई है कि आप सभी की समस्या का निशुल्क निस्तारण किया जा सके। लीगल ऐड क्लीनिक से आप सभी को न सिर्फ अधिवक्ता की सहायता मिलेगी, बल्कि आपके मुकदमें में पैरोकार मिलेगा। प्राधिकरण को किसी भी सीमा में नहीं बाधा जा सकता है, वह आपकी समस्या के निस्तारण के लिए ही है आप सभी की समस्या के लिए लीगल ऐड क्लीनिक का शुभारम्भ किया गया है जिससे आप अपने अधिकारों को जान सके ।

उद्घाटन के दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी विजपाल यादव, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार, लीगल एड क्लीनिक सर्वेश कुमार, नवनियुक्त लीगल एड क्लीनिक छोटे लाल, पी एल वी योगेंद्र कुमार गुप्ता, राघवेंद्र विक्रम सिंह, कपिल जी गुप्ता, सुतीक्षण राठौर, सूरज अग्निहोत्री, लालता प्रसाद, दीपेंद्र त्रिपाठी एवं ग्रामवासी आदि लोग मौजूद रहे।

# छात्रा कुमारी हरदीप कौर को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा 64वें दीक्षांत समारोह के क्रम में कल दिनांक 10 फरवरी 2022 को नवयुग कन्या महाविद्यालय राजेंद्र नगर लखनऊ की छात्रा कुमारी हरदीप कौर को लखनऊ विश्वविद्यालय तथा संबद्ध महाविद्यालयों में दर्शनशास्त्र विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के लिए अधिष्ठाता,कला संकाय द्वारा श्री एन एन सेन गुप्ता स्मृति स्वर्ण पदक प्रदान किया गयाप् हरदीप को दर्शन शास्त्र विषय में बीए तृतीय वर्ष में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त हुएप् महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय तथा विभागाध्यक्ष मेजर डॉ मनमीत कौर सोढ़ी ने कहा कि महाविद्यालय परिवार के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है तथा वर्तमान छात्राओं के लिए प्रेरणास्प्रद है।

# आईएसएल : जमशेदपुर ने केरला ब्लास्टर्स को 3-0 से हराया

**गोवा।** जमशेदपुर एफसी हीरो दबदबे भरी जीत के साथ इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2021-22 की अंक तालिका में दूसरे स्थान पहुंच गई है। जमशेदपुर ने गुरुवार रात बैम्बोलिन स्थित जीएमसी एथलेटिक स्टेडियम में खेले गए लीग मुकाबले में केरला ब्लास्टर्स एफसी को 3-0 से हरा दिया।



अपनी सातवीं जीत से जमशेदपुर 25 अंक लेकर तालिका में तीन स्थान की छलांग दूसरे स्थान पर आ गई है। कोच ओवेन कोयले की टीम ने 14 मैचों में छह जीते हैं और चार ड्रा खेले हैं। वहीं, अपनी तीसरी हार के कारण केरला अंक तालिका में तीन स्थान लुढ़क करके पांचवें स्थान पहुंच गई है। कोच इवान वुकोमेनोविक की टीम के पास 14 मैचों में छह जीत और पांच ड्रा से 23 अंक हैं।

मैच का पहला गोल 45वें मिनट में आया, जब ग्रेग स्टीवर्ट ने पेनल्टी किक को भुनाकर जमशेदपुर एफसी को 1-0 से आगे कर दिया। जमशेदपुर को यह सुनहरा अवसर उस समय मिला, जब एक लम्बे थ्रू-पास पर गेंद को नियंत्रित करते ग्रेग को केरला ब्लास्टर्स के डिफेंडर डेनेचंद्रम मीतेई ने बॉक्स के अंदर पीछे से खीचकर गिराकर फाउल कर दिया और रेफरी अश्विन ने पेनल्टी किक देने में कोई देरी नहीं की। स्कॉटिश फॉरवर्ड ग्रेग ने लेफ्ट फुटर शॉट लगाकर गेंद को पोस्ट के एकदम दाहिने किनारे की तरफ डाल दिया, जबकि गोलकीपर प्रभसुखन गिल विपरीत दिशा में डाइव लगा बैठे। 48वें मिनट में ग्रेग स्टीवर्ट ने फिर से पेनाल्टी किक को गोल में तब्दील करके जमशेदपुर की बढ़त को 2-0 कर दिया। मध्यांतर के बाद पहले ही मिनट में जमशेदपुर को यह दूसरी सुनहरा मौका तब मिला, जब चेन्नइयन के क्रोएशियाई सेंटर-बैक मार्को लेस्कोविच ने गेंद लेकर तेजी से बॉक्स के अंदर घुसे बोरिस सिंह को स्लाइडिंग टैकल करके फाउल कर दिया और रेफरी अश्विन ने इस बार भी पेनल्टी किक दे दी। इस बार स्कॉटिश फॉरवर्ड ग्रेग ने लेफ्ट फुटर शॉट लगाकर गेंद को चिप करके पोस्ट के ऊपर की तरफ डाल दिया और गोलकीपर प्रभसुखन गिल गेंद को रोकने में इस बार भी विफल रहे।

53वें मिनट में नाईजीरियाई स्ट्राइकर डेनियल चीमा चुक्कु ने शानदार गोल करके जमशेदपुर की बढ़त को 3-0 कर दिया। दाहिने फ्लैंक से बने हमले में विंगर बोरिस सिंह ने क्रॉस डाला और चुक्कु ने दाहिने पैर से ताकतवर वॉली लगाकर गोलकीपर प्रभसुखन को बचाव का कोई मौका नहीं दिया, क्योंकि गेंद टिप्पा खाने के बाद तेजी से उनके हाथ के ऊपर से क्रॉसबार के पास जाल में उलझ गई।

# विश्व कप से पहले टीम संयोजन तलाशने उतरेगी भारतीय महिला टीम

**क्वींसटाउन ।** पृथकवास का समय बढने से स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना के बाहर होने के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रही पांच मैचों की वनडे श्रृंखला में टीम संयोजन सुधारने के इरादे से उतरेगी।

इससे पहले एकमात्र टी20 मैच में भारत को 18 रन से पराजय झेलनी पड़ी थी। कप्तान मिताली राज वनडे श्रृंखला का आगाज जीत के साथ करना चाहेगी चूंकि अगले महीने होने वाले आईसीसी विश्व कप के लिये यह महत्वपूर्ण श्रृंखला है।

छोटे मैदानों पर तेज हवाओं के बीच खेलना आसान नहीं होगा लेकिन इस अभ्यास का फायदा चार मार्च से शुरू हो रहे विश्व कप में मिलेगा।

खिलाड़ियों की उपलब्धता भी भारत के लिये बड़ा मसला है चूंकि मंधाना , तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और मेघना सिंह 'मैनेज्ड आइसोलेशन एंड क्वारंटीन' (एमआईक्यू) का समय बढाये जाने के कारण टीम से बाहर हैं।




उनकी गैर मौजूदगी में दूसरे खिलाड़ियों के लिये अपनी उपयोगिता साबित करने का मौका है जो विश्व कप टीम में जगह बनाने को बेताब होंगी।

एकमात्र टी20 मैच में बल्लेबाजों ने निराश किया और ऐसे में शीर्ष खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी में अंतिम एकादश चुनना मिताली और टीम प्रबंधन के लिये बड़ी चुनौती है।

टी20 में शेफाली वर्मा के साथ पारी की शुरूआत करके 26 रन बनाने वाली यस्तिका भाटिया की जगह बरकरार रहेगी। मध्यक्रम में बदलाव करने होंगे जिसकी धुरी मिताली रहेंगी।

## गत चैम्पियन श्वार्त्जमैन अर्जेंटीना ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**ब्यूनस आयर्स।** दूसरी वरीयता प्राप्त गत चैम्पियन डिएगो श्वार्त्जमैन अर्जेंटीना ओपन



के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं जिन्होंने स्पेन के जाउमे मुनार को.6, 7.6 से हराया। अब उनका सामना अर्जेंटीना के ही फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से होगा जिसे उन्होंने पिछले साल हराकर खिताब जीता था। सेरूंडोलो ने सर्बिया के मियोमीर केसमानोविच को 6.3, 3.6, 6 .2 से मात दी। इटली के फेगियो फोगनिनी ने स्पेन के पेड्रो मार्तिनेज को 6.4, 7.6 से हराया। अब उनका सामना अर्जेंटीना के फेडरिको डेलबोनिस से होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त नॉर्वे के कैस्पर रूड स्थानीय खिलाड़ी फेडरिको कोरिया से खेलेंगे। इटली के लोरेंजो सोनेगो की टक्कर स्पेन के फर्नांडो वर्डास्को से होगी।

## वार्विकशायर काउंटी क्रिकेट क्लब के सहायक कोच बने जोनाथन ट्रॉट

**वार्विकशायर।**

वार्विकशायर काउंटी क्रिकेट क्लब ने इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज जोनाथन ट्रॉट को 2022 सीज़न के लिए टीम का सहायक कोच नियुक्त किया है। ट्रॉट ने शुरू में कुछ दिनों के लिए वार्विकशायर के साथ 2021 में सलाहकार के रूप में काम किया था।

ट्रॉट ने वार्विकशायर के साथ पांच ट्राफियां जीती हैं और इंग्लैंड के लिए 52 टेस्ट मैच खेले हैं। वहीं, उन्होने 62 लिस्ट ए



मैच खेले हैं। ट्रॉट ने वर्ष 2018 में क्रिकेट से संन्यास लिया।

ट्रॉट ने एक बयान में कहा, ÷अपने घरेलू काउंटी के लिए एक कोच के रूप में काम करना सौभाग्य की बात है। हमारे पास यहां खिलाड़ियों का एक उत्कृष्ट सेट है और उन्हें एजबेस्टन में चैंपियनशिप जीतते हुए देखना एक अविश्वसनीय रूप से गर्व का दिन था।

उन्होंने कहा, हालांकि, हम इस सफलता को आगे बढ़ाना चाहते हैं। वार्विकशायर में ट्राफियां जीतने का हमारा गौरवपूर्ण इतिहास है और मैं खिलाड़ियों का समर्थन करना चाहता हूं और उन्हें भविष्य में और अधिक सफलता हासिल करने का सबसे अच्छा मौका देना चाहता हूं।

बता दें कि वार्विकशायर की टीम 7 अप्रैल से शुरू हो रहे काउंटी चैंपियनशिप के लिए तैयारियों में लगी है।

## कोस्टा रिका के विश्व कप क्वालीफायर में सौ फीसदी दर्शक

**वाशिंगटन।** कनाडा और अमेरिका के खिलाफ अगले महीने कोस्टा रिका के विश्व कप फुटबॉल



क्वालीफायर में 35000 की क्षमता वाले स्टेडियम में सौ फीसदी दर्शकों को प्रवेश की अनुमति दी गई है। कोस्टा रिका फुटबॉल महासंघ ने गुरूवार को यह घोषणा की। कोस्टा रिका और कनाडा का मैच 24 मार्च को होगा जबकि तीन दिन बाद उसे अल सल्वाडोर से खेलना है। अमेरिका से मुकाबला 30 मार्च को होना है। 1986 के बाद पहली बार विश्व कप खेलने की दहलीज पर खड़ी कनाडा को बस एक जीत की जरूरत है। उत्तर और मध्य अमेरिका और कैरेबिया से शीर्ष तीन टीमें विश्व कप में जगह बनायेंगी जबकि चौथे स्थान की टीम जून में ओशियाना चैम्पियन के खिलाफ प्लेआफ खेलेगी। कनाडा ग्रुप में शीर्ष पर, अमेरिका दूसरे और मैक्सिको तीसरे स्थान पर है। पनामा चौथे और कोस्टा रिका पांचवें स्थान पर है।

## वॉलीबॉल लीगः अहमदाबाद डिफेंडर्स की विजयी हैट्रिक, ब्लैक हॉक्स को 4-1 से हराया

**हैदराबाद।** अहमदाबाद डिफेंडर्स ने लगातार चार सेट जीतते हुए गुरुवार रात यहां जीएमसी गाचीबोवली इंडोर स्टेडियम में खेले गए पावर्ड बाय ए 23 रुपे प्राइम वॉलीबॉल लीग (पीवीएल) के पहले सीजन के छठे मैच में हैदराबाद ब्लैक हॉक्स को 4-1 (15-13, 15-10, 15-12, 9-15) से हरा दिया। अहमदाबाद के मुथुस्वामी को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड दिया गया। अहमदाबाद की इस सीजन में यह लगातार तीसरी जीत है और टीम छह अंकों के साथ प्वाइंट्स टेबल में मजबूती से टॉप पर है। वहीं, हैदराबाद की दो मैचों में यह पहली हार है और वे दूसरे नंबर पर है। हैदराबाद ब्लैक हॉक्स ने टॉस जीतकर रिसीव करने का फैसला किया। टेक्निकल टाइम आउट तक एक प्वाइंट से पीछे रहने वाली अहमदाबाद डिफेंडर्स ने लगातार क्रेड सुपर प्वाइंट लेते हुए बढ़त बना ली और फिर 15-13 से पहला सेट अपने नाम कर लिया। अहमदाबाद डिफेंडर्स की टीम दूसरे सेट में भी चार सेट प्वाइंट जीतकर 15-10 से इस सेट को



भी अपने पक्ष में करते हुए जल्द ही मुकाबले में 2-0 से आगे हो गई।

तीसरे सेट में डिफेंडर्स फिर टेक्निकल टाइम आउट तक एक प्वाइंट से आगे थी। टीम ने इसके बाद लीग के सबसे महंगे सेटर अंगामुथु के दम पर स्कोर को सेट प्वाइंट तक पहुंचा दिया। अहमदाबाद ने फिर 15-12 से लगातार तीसरा सेट भी जीतकर मैच को 3-0 से जीत लिया और मैच से दो प्वाइंट हासिल कर लिए।

चौथे सेट में भी अहमदाबाद डिफेंडर्स ने बैक टू बैक अंक लेते हुए 15-8 से इसे अपने पक्ष में कर लिया। पांचवें और अंतिम सेट में अहमदाबाद के पास बोनस प्वाइंट लेने का मौका था। लेकिन हैदराबाद ब्लैक हॉक्स ने 15-9 से मैच का पहला सेट जीत लिया और बोनस प्वाइंट लेने के अहमदाबाद के मंसूबों पर पानी फेर दिया।

## लाहिड़ी फिनिक्स ओपन के पहले दौर में 44वें स्थान पर

स्कॉट्सडेल (अमेरिका)। भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने यहां खराब शुरूआत के बाद मजबूत वापसी करते हुए 82 लाख डॉलर पुरस्कार राशि के वेस्ट मैनेजमेंट फिनिक्स ओपन के शुरूआती दौर में एक अंडर 70 का कार्ड खेला।

इस कार्ड से वह संयुक्त 44वें स्थान पर बने हुए हैं जबकि अभी पहला दौर खत्म नहीं हुआ है क्योंकि खराब रोशनी के कारण इसे निलंबित कर दिया गया।

लाहिड़ी ने 10वें होल से शुरूआत करते हुए 13वें होल में बर्डी की जबकि 16वें होल में शॉट ड्राप कर बैठे। 18वें होल में बर्डी से वह एक अंडर पर थे।

दूसरे नाइन में उन्होंने एक ईगल और एक बर्डी लगायी।

## अहमद जाहोऊ ने मुंबई सिटी एफसी से एक साल का करार बढ़ाया

मुंबई। मौजूदा इंडियन सुपर लीग चैम्पियन मुंबई सिटी एफसी ने शुक्रवार को घोषणा की कि मिडफील्डर अहमद जाहोऊ ने क्लब के साथ एक साल का करार बढ़ाया है। जाहोऊ 2022-23 सत्र के अंत तक क्लब के साथ रहेंगे। मोरक्को के 33 साल के इस खिलाड़ी ने मुंबई सिटी टीम के लिये 2020-21 सत्र में आईएसएल लीग विनर्स शील्ड और आईएसएल ट्राफी दो खिताब दिलाने में अहम भूमिका अदा की थी। इस मिडफील्डर ने क्लब के साथ 33 मैच में तीन गोल किये और 11 गोल करने में मदद की। इस खिलाड़ी ने विज्ञप्ति में कहा, ''मेरे लिये मुंबई सिटी में रहना आसान फैसलों में से एक था। मैंने पिछले 18 महीनों में अपने खेल का लुत्फ उठाया है और पिछला साल काफी सफल रहा। मुझे इस क्लब के इतिहास का हिस्सा बनने पर गर्व है। ''

## नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के मुख्य कोच नियुक्त हुए जेम्स फोस्टर

लंदन। इंग्लैंड के पूर्व विकेटकीपर जेम्स फोस्टर को हंड्रेड के दूसरे सत्र से पहले नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स का मुख्य कोच नियुक्त किया है। फोस्टर डैरेन लेहमैन की जगह लेंगे। यॉर्कशायर और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज डैरेन लेहमैन ने पिछले महीने नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के मुख्य कोच पद से इस्तीफा दे दिया था। ईएसपीएनक्रिकइंफो ने फोस्टर के हवाले से कहा, ÷मैं नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के साथ जुड़कर और इस सीजन में टीम के साथ काम करने को लेकर खुश हूं। उन्होंने कहा, मुझे पिछले साल हंड्रेड देखना और इतने सारे बच्चों और परिवारों को इसका आनंद लेते देखना पसंद था, और मैं वास्तव में समूह के साथ मिलने और शुरुआत करने के लिए उत्सुक हूं। फोस्टर को उम्मीद है कि वह नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के क्रिकेट खेलने की शैली से प्रशंसकों को उत्साहित कर सकते हैं।

## ऑस्ट्रेलिया में भारत की टेस्ट सफलता का श्रेय आईपीएल को जाता है : पोंटिंग

सिडनी। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने बॉर्डर-गावस्कर 2020/21 सीरीज में भारत की जीत का श्रेय आईपीएल लीग को दिया है। भारत ने ब्रिस्बेन में चौथे और अंतिम टेस्ट में मेजबान ऑस्ट्रेलिया को हराकर, इस साल बॉर्डर-गावस्कर सीरीज 2-1 से अपने नाम की।

# रोहित की कप्तानी में भारत ने रचा इतिहास

### 39 साल में पहली बार वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे में किया क्लीन स्वीप, आखिरी मैच 96 रन से जीता

**श्रेयस मनोरम**

टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज को तीसरे और आखिरी वनडे मैच में 96 रन से हराकर 3 मैचों की वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप कर लिया है। मैच में वेस्टइंडीज के सामने 266 रन का टारगेट था, जिसके जवाब में टीम 37.1 ओवर में 169 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई। ओडीयन स्मिथ (36) टॉप स्कोरर रहे। भारत की ओर से मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा के खाते में 3-3 विकेट आए। दीपक चाहर और कुलदीप यादव ने दो-दो विकेट लिए।

इससे पहले टॉस जीतकर पहले खेलते हुए भारतीय टीम 265 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। श्रेयस अय्यर (80) टॉप स्कोरर रहे, जबकि ऋषभ पंत ने भी बढ़िया 56 रन की पारी खेली। विंडीज की ओर से जेसन होल्डर ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए जबकि अल्जारी जोसेफ और




हैडन वॉल्श ने दो-दो विकेट चटकाए।

वेस्टइंडीज के खिलाफ पहली बार क्लीन स्वीप

टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहली बार वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप किया। दोनों टीमों के बीच पहली वनडे सीरीज 1983 में खेली गई थी, तब से भारत एक बार भी 50 ओवर फॉर्मेट में विंडीज के खिलाफ क्लीन स्वीप नहीं कर सका था, लेकिन रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम ने 39 साल में पहली बार ये इतिहास भी रच दिया। हालांकि वेस्टइंडीज 3 बार टीम इंडिया के खिलाफ क्लीन स्वीप कर चुका है।

वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने फिर किया निराश

टारगेट का पीछा करते हुए विंडीज की शुरुआत खराब रही और शाई होप (5) को मोहम्मद सिराज ने LBW आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद अगले ही ओवर में दीपक चाहर ने चार गेंदों के अंदर ब्रैंडन किंग (14) और शमर ब्रुक्स (0) का विकेट लेकर वेस्टइंडीज की कमर तोड़कर रख दी। चौथे विकेट के लिए डैरेन ब्रावो और निकोलस पूरन ने 49 गेंदों पर 43 रन जोड़कर टीम की पारी को संभाला, लेकिन इस पार्टनरशिप को प्रसिद्ध कृष्णा ने ब्रावो (20) को आउट कर तोड़ा।


प्रसिद्ध ने अपने अगले ही ओवर में जेसन होल्डर (6) को कैप्टन रोहित के हाथों कैच आउट कराया। फैबियन एलन बिना खाता खोले पहली ही गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। एलन का विकेट कुलदीप के खाते में आया। कप्तान निकोलस पूरन भी टीम की पारी को नहीं संभाल सके और 39 गेंदों पर 34 रन बनाकर कुलदीप यादव की गेंद पर आउट हुए।

## आईपीएल में शॉ, अवेश और ऋतुराज का बेहतर भविष्य: पोंटिंग

सिडनी। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने शुक्रवार को कहा है कि सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ, तेज गेंदबाज अवेश खान और साथ ही चेन्नई सुपर किंग्स के ऋतुराज गायकवाड़ के लिए आगामी आईपीएल सीजन और भारतीय क्रिकेट टीम में आने की अच्छी संभावनाएं है। तीन सीजन के लिए आईपीएल में कोचिंग करने के बाद, पोंटिंग ने कई खिलाड़ियों को आगे बढ़ते हुए और आकर्षक लीग में अपनी छाप छोड़ते हुए देखा है। पोंटिंग ने शुक्रवार को कहा, मैंने इस साल दिल्ली कैपिटल्स से पृथ्वी शॉ को रिटेन किया है, जिन्हें हमने पिछले साल आईपीएल सीजन में कुछ शानदार करते देखा था। आईपीएल 2021 में बल्ले से अपने बेहतरीन प्रदर्शन के बाद, युवा शॉ को 12-13 फरवरी को मेगा नीलामी से पहले दिल्ली कैपिटल द्वारा तीन अन्य लोगों के साथ बरकरार रखा गया था। पोंटिंग ने कहा कि शॉ अभी भी खेल की बारीक बारीकियां सीख रहे हैं, जो उनकी आईपीएल फ्रेंचाइजी और भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा है। उन्होंने कहा, हर कोई शॉ के बारे में पिछले कुछ वर्षों से जानता है। मुझे अब भी लगता है कि वह एक खिलाड़ी के रूप बहुत कुछ सीख रहे हैं।

## ज्यादा प्रयोग के बजाय अपनी मजबूती पर अडिग रहूंगी : पूजा वस्त्राकर

क्वींसटाउन । भारतीय महिला तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर ने कहा कि वह न्यूजीलैंड के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रही पांच मैचों की वनडे श्रृंखला के दौरान ज्यादा प्रयोग करने के बजाय अपनी मजबूती पर ही अडिग रहना चाहेंगी। पूजा (22 वर्ष) ने न्यूजीलैंड दौरे पर अच्छी शुरूआत की और एकमात्र टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में दो विकेट चटकाये। पूजा ने वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया दौरे मेरे लिये इतने अच्छे नहीं रहे थे, तो मैंने नयी गेंद से गेंदबाजी पर काफी कड़ी मेहनत की। मुझे कोचों और सीनियर खिलाड़ियों से काफी सलाह मिली। मैंने घर पर उन पर काम किया। निरंतरता के लिये एक विकेट लगाकर काफी अभ्यास किया और आस्ट्रेलिया में पिछली वनडे श्रृंखला में नतीजे मिले। '' उन्होंने कहा, ''प्रत्येक गेंदबाज का सपना आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और इंग्लैंड में गेंदबाजी करने का होता है। तो टी20 अंतरराष्ट्रीय में मेरा ध्यान प्रक्रियाओं पर था कि स्टंप पर




गेंदबाजी करूं और मैं वनडे श्रृंखला में भी इसी का दोहराव करना चाहती हूं। कुछ भी अलग करने की कोशिश नहीं करना चाहती, बस अपनी मजबूती के हिसाब से अपनी लाइन एवं लेंथ में निरंतर गेंदबाजी करना चाहती हूं।

# प्रो लीग में जीत के सिलसिले को कायम रखने उतरेगी भारतीय हॉकी टीम

पोशेफ्स्ट्रूम। एफआईएच प्रो लीग के इस सत्र में अपना अभियान लगातार दो शानदार जीत के साथ शुरू करने के बाद भारतीय पुरूष हॉकी टीम फ्रांस के खिलाफ शनिवार को भी जीत के इस सिलसिले को कायम रखना चाहेगी ।

पहले मैच में भारत ने फ्रांस को 5 . 0 से हराया जिसमें हरमनप्रीत सिंह, वरूण कुमार, शमशेर सिंह, मनदीप सिंह और अपना 200वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे आकाशदीप सिंह ने गोल दागे ।

कप्तान मनप्रीत सिंह ने कहा ,'' जीत के साथ शुरूआत करना अच्छा रहा । पहला क्वार्टर अच्छा नहीं रहा लेकिन उसके बाद हमने बेहतरीन खेल दिखाया । हमने हर मौके को भुनाने की कोशिश की ।''



इस जीत के बावजूद उन्होंने कहा कि फ्रांस अप्रत्याशित प्रदर्शन करने में माहिर टीम है ।

उन्होंने कहा ,'' हम शनिवार को उनके खिलाफ उतरेंगे तो उन्हें हलके में लेने की गलती कतई नहीं करेंगे । हमने नीदरलैंड के खिलाफ देखा है कि फ्रांस की टीम क्या कर सकती है ।'' मनप्रीत ने कहा ,''वह मैच शूटआउट तक गया और शूटआउट में वे हारे । हमारे खिलाफ भी उन्होंने गोल करने के कई मौके बनाये ।''

भारत को रविवार को दक्षिण अफ्रीका से खेलना है और तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता टीम जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका से विदा लेना चाहेगी ।

भारत ने पहले मैच में बुधवार को दक्षिण अफ्रीका को 10 . 2 से हराया था । नये खिलाड़ी जुगराज सिंह ने हैट्रिक लगाई जबकि गुरसाहिबजीत सिंह और दिलप्रीत सिंह ने दो दो गोल किये थे ।

हरमनप्रीत, अभिषेक और मनदीप ने भी एक एक गोल दागा था । भारत ने वह मैच बड़े अंतर से जीता लेकिन मनप्रीत का मानना है कि दूसरे हाफ में प्रदर्शन बेहतर हो सकता था ।

उन्होंने कहा ,'' नये खिलाड़ियों जुगराज और अभिषेक का गोल करना अच्छा रहा । लेकिन मैच के वीडियो देखने के बाद हमने महसूस किया कि दूसरे हाफ में प्रदर्शन बेहतर हो सकता था ।